डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

संजय®
पब्लिकेशन्स

एन.सी.टी.ई.
के नवीनतम्
एकीकृत पाठ्यक्रम
के अनुसार

# बी.एड.

## Question Bank

### Exam Notes

### प्रथम वर्ष

**बी. डी. 106 (D)**

**हिन्दी शिक्षण**



**2025**
**Examintaion**

परीक्षोपयोगी महत्वपूर्ण प्रश्नों का
तथ्यपरक उत्तरों सहित संकलन

Also includes Solutions of
Previos Years Papers

BASED ON
**OMR**
PATTERN

# पाठ्यक्रम

**(i) PEDAGOGY OF LANGUAGES—HINDI ( हिन्दी शिक्षण )**

**इकाई एक—आधारभूत सम्प्रत्यय, महत्व, उद्देश्य एवं सिद्धान्त**

(1) भाषा—अर्थ, आधार एवं प्रकृति।
(2) देवनागरी लिपि की विशेषताएँ।
(3) हिन्दी भाषा का महत्व—मातृभाषा एवं राष्ट्रभाषा के रूप में।
(4) भाषा शिक्षण के सामान्य सिद्धान्त एवं सूत्र।
(5) हिन्दी शिक्षण के उद्देश्य (सामान्य एवं विशिष्ट)।

**इकाई दो—हिन्दी भाषा की स्थिति एवं भूमिका**

(1) **स्थिति**
(i) स्वतन्त्रता से पहले और स्वतन्त्रता के पश्चात् हिन्दी भाषा की स्थिति।
(ii) संविधान एवं शिक्षा समितियों की रिपोर्ट में हिन्दी भाषा।
(2) धारा 343, 351, 350(1), कोठारी आयोग (1964-66), राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968, पी. ओ. ए. 1992, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2005.

**भूमिका**

(1) हिन्दी के विविध रूप। (2) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी।
(3) ज्ञान की भाषा के रूप में हिन्दी। (4) राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी।
(5) माध्यम भाषा के रूप में।
(6) शिक्षक-शिक्षार्थी सम्बन्ध के पहलू के रूप में भाषा।

**इकाई तीन—भाषा शिक्षण की प्रमुख विधियाँ/प्रविधियाँ/प्रणालियाँ एवं पाठ्य-पुस्तक**

(1) व्याकरण—अनुवाद विधि, प्रत्यक्ष विधि, प्राकृतिक प्रणाली, ढाँचागत प्रणाली, उद्देश्यपरक (अन्तर्विषयक/अन्तर्अनुशासनात्मक) सम्प्रेषणात्मक प्रणाली, आगमन-निगमन विधि।
(2) पाठ्य-पुस्तक—
**गुण एवं उपयोगिता**
(i) पाठ्य-पुस्तक की विशेषताएं।
(ii) पाठ्य-पुस्तक का विश्लेषण एवं आलोचनात्मक मूल्यांकन।

**इकाई चार—पाठ योजना एवं शिक्षण सहायक सामग्री**

(1) **पाठ योजना**
(i) पाठ योजना निर्माण के उपागम, इकाई योजना एवं उसकी उपयोगिता।
(ii) गद्य, पद्य, कहानी, निबन्ध, नाटक एवं व्याकरण की पाठ योजना तैयार करना (पाठ्यक्रम के अनुसार)।
(2) **शिक्षण सहायक सामग्री**
(i) दृश्य-श्रव्य सामग्री का प्रयोग एवं महत्व
(ii) दृश्य साधन (iii) श्रव्य साधन
(iv) दृश्य-श्रव्य सामग्री (v) भाषा प्रयोगशाला।

**इकाई पाँच —मूल्यांकन**

(1) भाषा शिक्षण में मूल्यांकन।
(2) मौखिक एवं लिखित मूल्यांकन।
(3) भाषिक कौशलों को जाँचने एवं मौखिक एवं लिखित प्रश्नों के स्वरूप और अभ्यास।
(4) वस्तुनिष्ठ एवं निबन्धात्मक मूल्यांकन/परीक्षण।
(5) त्रुटि पहचान एवं उपचारात्मक शिक्षण।



# वस्तुनिष्ठ प्रश्न

● **सत्य/असत्य में उत्तर दीजिए—**

1. भाषा भावाभिव्यक्ति एवं विचार-विनिमय का सांकेतिक साधन है। (सत्य)
2. भाषा के मूल तत्व हैं—सुनना, बोलना, पढ़ना एवं लिखना। (असत्य)
3. बहुत-सी समान विभाषाओं की प्रतिनिधि विभाषा को भाषा कहते हैं। (सत्य)
4. भाषा मनुष्य की अर्जित सम्पत्ति है। (सत्य)
5. उड़िया एवं बंगाली विषमगोत्रीय भाषाएँ हैं। (असत्य)
6. मनुष्यों की भाषाएँ विचार प्रधान भाषाएँ हैं। (सत्य)
7. हिन्दी, गुजराती, मराठी एवं सिन्धी सगोत्रीय भाषाएँ हैं। (सत्य)
8. मातृभाषा मनुष्य के विकास की आधारशिला होती है। (सत्य)
9. किसी व्यक्ति की मातृभाषा से तात्पर्य उस भाषा से होता है जिसे वह अपने शैशवकाल से ही परिवार व समाज के मध्य रहकर अनुकरण एवं प्रयोग से सीखता है। (सत्य)
10. लगभग सभी स्वतन्त्र देशों में शिक्षा का माध्यम वहाँ की मातृभाषाएँ हैं। (सत्य)
11. मातृभाषा एवं विचार में अटूट सम्बन्ध नहीं होता है। (असत्य)
12. मातृभाषा अभिव्यक्ति का सरलतम साधन होती है। (सत्य)
13. भारत में वर्तमान समय में माध्यमिक शिक्षा का माध्यम केवल क्षेत्रीय भाषाएँ हैं। (असत्य)
14. सम्पूर्ण देश में राष्ट्रभाषा हिन्दी को शिक्षा का माध्यम बनाने की योजना है। (असत्य)
15. मातृभाषा को पालने में सीखी गयी भाषा भी कहा जाता है। (सत्य)
16. भाषा मनुष्य को सामाजिक बनाने का साधन है। (सत्य)
17. प्रमुख रूप से किसी भी भाषा के दो प्रमुख रूप होते हैं—मौखिक एवं लिखित। (सत्य)
18. भाषा वाचिक प्रतीकों की एक व्यवस्था है। (सत्य)
19. भाषा लिपि संकेतों के माध्यम से लिखित रूप धारण करती है। (सत्य)
20. राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा दोनों एक ही हैं। (असत्य)
21. कन्नौजी भाषा पूर्वी हिन्दी से निकली है। (असत्य)
22. देवनागरी लिपि ब्राह्मी लिपि से निकली है। (सत्य)
23. देवनागरी लिपि संसार की सबसे सरल लिपि है। (सत्य)
24. देवनागरी लिपि स्पष्ट एवं सुन्दर है। (सत्य)
25. देवनागरी लिपि बायीं ओर से दायीं ओर को लिखी जाती है। (सत्य)
26. देवनागरी लिपि में अक्षरों की संख्या सीमित है। (असत्य)
27. भाषा एवं उसके साहित्य में अन्तर होता है। (सत्य)
28. शिक्षण सिद्धान्त एवं शिक्षण सूत्रों में कोई अन्तर नहीं होता। (असत्य)
29. शिक्षण सिद्धान्त सभी विषयों के शिक्षण पर लागू होते हैं। (सत्य)
30. मातृभाषा सीखने का स्वाभाविक क्रम है—अक्षर, शब्द एवं वाक्य। (असत्य)
31. भाषा और उसके साहित्य में चोली-दामन का साथ होता है। (सत्य)

32. शिक्षण सूत्र सभी परिस्थितियों में लागू होते हैं। (असत्य)
33. उद्देश्य का शाब्दिक अर्थ है—उच्च दिशा की ओर संकेत। (सत्य)
34. लक्ष्य वास्तविक स्थिति की ओर संकेत करता है। (सत्य)
35. ब्लूम ने क्रियात्मक उद्देश्यों को मनोशारीरिक उद्देश्यों की संज्ञा दी है। (सत्य)
36. ब्लूम ने भावात्मक, ज्ञानात्मक एवं मनोशारीरिक उद्देश्यों को 6-6 पदों में विभक्त किया है। (असत्य)
37. आर.सी.ई.एम. प्रक्रिया में ज्ञानात्मक उद्देश्य को 4 पदों में विभाजित किया है। (सत्य)
38. शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति का प्रमुखतया साधन पाठ्यक्रम है। (सत्य)
39. स्वतन्त्रता प्राप्ति से पूर्व में सन् 1833 में गुजरात के महान् कवि नर्मदा शंकर ने हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने का प्रस्ताव रखा था। (सत्य)
40. 1918 में महात्मा गाँधी द्वारा दक्षिण भारत में 'हिन्दी प्रचार सभा' की स्थापना की गई। (सत्य)
41. सन् 1935 में सी. राजगोपालाचारी ने मद्रास में हिन्दी शिक्षा को अनिवार्य कर दिया। (सत्य)
42. 14 सितम्बर, 1949 को संविधान सभा ने हिन्दी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया। (सत्य)
43. सन् 1956 में केन्द्रीय शिक्षा मण्डल द्वारा त्रिभाषा सूत्र का प्रतिपादन किया गया। (सत्य)
44. श्री अटल बिहारी बाजपेयी (तत्कालीन विदेश मन्त्री) ने संयुक्त राष्ट्र की आम सभा को हिन्दी में सम्बोधित किया। (सत्य)
45. संविधान के अनुच्छेद 343/1 में कहा गया कि संघ की राजभाषा हिन्दी एवं देवनागरी लिपि होगी। (सत्य)
46. अनुच्छेद 351 में हिन्दी भाषा की प्रसार वृद्धि का उल्लेख मिलता है। (सत्य)
47. कोठारी आयोग ने अपने प्रतिवेदन में मातृभाषा एवं हिन्दी को कोई स्थान नहीं दिया। (असत्य)
48. विश्व हिन्दी दिवस 14 सितम्बर को मनाया जाता है। (सत्य)
49. साहित्यिक एवं प्रयोजनमूलक हिन्दी के दो प्रमुख रूप हैं। (सत्य)
50. जो देश की राजभाषा होती है, वही उसकी राष्ट्रभाषा भी होती है। इस दृष्टि से यह स्थान हिन्दी को प्राप्त है। (सत्य)
51. केन्द्रीय हिन्दी संस्थान राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी के उत्थान एवं प्रचार-प्रसार हेतु क्रियाशील है। (सत्य)
52. मनुष्य का मानसिक एवं भाषायी विकास अन्योन्याश्रित होता है। (सत्य)
53. भाषा सीखने की सबसे उत्तम आयु 3 से 9 वर्ष है। (सत्य)
54. शैशवकाल में बालकों की मानसिक शक्तियों का विकास तीव्र गति से होता है। (सत्य)
55. भाषा सीखने की गति किशोरावस्था के बाद बहुत तीव्र हो जाती है। (असत्य)
56. मातृभाषा की इकाई अक्षर होते हैं। (असत्य)
57. मातृभाषा सीखने का स्वाभाविक क्रम सुनना, बोलना और लिखना है। (सत्य)
58. बालकों की पठन योग्यता का सर्वाधिक विकास बाल्यावस्था में होता है। (असत्य)



59. किशोरावस्था के बालक अवसरानुकूल भाषा का प्रयोग करने लगते हैं। (सत्य)
60. बालक प्रारम्भिक काल में मातृभाषा अनुकरण द्वारा सीखते हैं। (सत्य)
61. आधुनिक काल में बालकों को मातृभाषा की शिक्षा स्वाभाविक क्रम सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखने में देने पर बल दिया जाता है। (सत्य)
62. किण्डरगार्टन और मॉण्टेसरी प्रणालियों में मातृभाषा की शिक्षा का क्रम एक समान है। (असत्य)
63. बेसिक शिक्षा प्रणाली में बालकों को मातृभाषा की शिक्षा समवाय विधि से दी जाती है। (सत्य)
64. आज भी मात्रेत्तर भाषा सिखाने के लिए अनुवाद विधि का प्रयोग प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में होता है। (सत्य)
65. भाषा की प्रयोगशाला में किसी भी भाषा की शिक्षा दी जा सकती है। (सत्य)
66. भाषा का नियन्त्रक व्याकरण होता है। (सत्य)
67. व्याकरण के नियमों का कठोरतापूर्वक पालन करने से ही भाषा का विकास होता है। (असत्य)
68. प्रारम्भ से ही बालकों को नियमित रूप से व्याकरण की शिक्षा दी जानी चाहिए। (असत्य)
69. किसी भी नयी भाषा को पढ़ाने में अनुवाद की आवश्यकता पड़ती है। (सत्य)
70. अनुवाद प्रमुखतया तीन प्रकार—शब्दशः, भावानुवाद एवं वाक्य सम्प्रदायानुसार होता है। (सत्य)
71. प्रकृति से मनुष्य का सम्बन्ध चिरकाल से है। (सत्य)
72. ढाँचागत प्रणाली पढ़ाने की विधि न होकर एक उपागम है। (सत्य)
73. भाषा का प्रमुख उद्देश्य छात्रों को विचार व्यक्त करने एवं विचारों को शब्दों का रूप प्रदान करने में समर्थवान बनाना है। (सत्य)
74. कुशल सम्प्रेषण के लिए भाषा का उचित ज्ञान आवश्यक है। (सत्य)
75. आगमन शिक्षा प्रणाली मनोवैज्ञानिक है। (सत्य)
76. आगमन विधि में 'ज्ञात से अज्ञात की ओर' शिक्षा सूत्र का उपयोग करते हैं। (सत्य)
77. निगमन विधि अमनोवैज्ञानिक विधि है। (सत्य)
78. निगमन विधि में छात्रों को व्याकरण सम्बन्धी नियमों का ज्ञान नहीं कराया जाता है। (असत्य)
79. भाषा शिक्षण में प्रमुखतया दो प्रकार की पाठ्य-पुस्तकों—गहन अध्ययन और द्रुत पठन का प्रयोग किया जाता है। (सत्य)
80. बाह्य रूप से पुस्तकों का रूप कलात्मक होना चाहिए। (सत्य)
81. पाठ्य-पुस्तकें कक्षा-शिक्षण की पूरक होती हैं। (सत्य)
82. पाठ्य-पुस्तकों की भाषा एवं सामग्री छात्रों के स्तरानुकूल होनी चाहिए। (सत्य)
83. पाठ्यक्रम की दृष्टि से पाठ्य-पुस्तकों का विकास 16वीं शताब्दी से प्रारम्भ माना गया है। (सत्य)
84. पाठ्य-पुस्तकों में विषय-सामग्री को तर्कपूर्ण, सुसंगठित एवं सुव्यवस्थित होना चाहिए। (सत्य)
85. पाठ की सही योजना प्रभावशाली शिक्षण की कुंजी है। (सत्य)
86. पाठ योजना शिक्षक की शिक्षण से पूर्व की तैयारी का परिचायक है। (सत्य)

87. पाठ योजना में सम्पूर्ण पाठ की रूपरेखा सुव्यवस्थित रूप से होनी चाहिए। (सत्य)
88. हरबर्ट के अनुसार पाठ योजना में 6 चरण होते हैं। (सत्य)
89. संस्कृत में कविता को श्रव्य काव्य कहा जाता है। (सत्य)
90. आचार्य विश्वनाथ ने कहा है कि 'वाक्यम् रसात्मकम् काव्यम्'। (सत्य)
91. कविता भावप्रधान होती है। (सत्य)
92. कहानी और नाटक दोनों के मूल तत्व समान होते हैं। (सत्य)
93. कहानी की भाषा-शैली देशकाल के अनुकूल होनी चाहिए। (सत्य)
94. साहित्य के दो अंग होते हैं—गद्य एवं पद्य। (सत्य)
95. प्रभावपूर्ण मौखिक पठन से गद्य का पूर्ण भाव स्पष्ट हो जाता है। (असत्य)
96. निबन्धात्मक गद्य पाठों के शिक्षण में सबसे अधिक बल भाषा शिक्षण को देना चाहिए। (सत्य)
97. भाषा शिक्षण को प्रभावशाली बनाने के लिए दृश्य-श्रव्य का प्रयोग जरूरी है। (सत्य)
98. कक्षा शिक्षण की नीरसता दूर करने में दृश्य-श्रव्य सामग्री की कोई भूमिका नहीं है। (असत्य)
99. मौखिक परीक्षा में प्रश्न और उत्तर मौखिक रूप से पूछे जाते हैं। (सत्य)
100. परीक्षा एवं परीक्षण में अन्तर पाया जाता है। (असत्य)
101. लिखित परीक्षा के बगैर बालकों की भाषा-शैली एवं अभिव्यक्ति का मापन नहीं किया जा सकता है। (सत्य)

● **दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए—**

**1. मातृभाषा से तात्पर्य उस भाषा से है जिसे बालक—**
(अ) अपने परिवार में सीखता है (ब) स्वयं की माता द्वारा सीखता है
(स) जीवन के प्रारम्भिक काल में घर-परिवार एवं पर्यावरण में सीखता है
(द) अपने जीवन के प्रारम्भिक काल में विद्यालय में सीखता है। **उत्तर—(स)**

**2. हिन्दी किस राज्य की राजभाषा है?**
(अ) दिल्ली (ब) हरियाणा
(स) 'अ' एवं 'ब' दोनों की
(द) इनमें से किसी प्रदेश की नहीं। **उत्तर—(स)**

**3. हिन्दी भाषा भारत देश की—**
(अ) राजभाषा है (ब) राष्ट्र भाषा है
(स) जनभाषा है (द) उपर्युक्त सभी। **उत्तर—(द)**

**4. जनभाषा उस भाषा को कहते हैं—**
(अ) जिसको किसी देश के सभी व्यक्ति जानते और प्रयोग करते हैं
(ब) भाषा के माध्यम से देश के सभी व्यक्ति एक-दूसरे से सम्पर्क करते हैं
(स) जिस भाषा के माध्यम से देश के अधिकतर व्यक्ति एक-दूसरे से सम्पर्क करते हैं
(द) जिसके माध्यम से जन प्रचार किया जाता है। **उत्तर—(स)**



**5. भारतीय सन्दर्भ में हिन्दी का कौन-सा रूप प्रचलित नहीं है?**
(अ) संस्कृत भाषा (ब) राष्ट्र भाषा
(स) विदेशी भाषा (द) मातृभाषा। **उत्तर—(स)**

**6. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व हिन्दी के विकास में बाधक है?**
(अ) राष्ट्रीय एकता (ब) व्यापकता
(स) भारतीय संस्कृति
(द) अहिन्दी भाषियों द्वारा हिन्दी की स्वीकार्यता। **उत्तर—(द)**

**7. त्रिभाषा सूत्र सम्बन्धित है—**
(अ) माध्यमिक स्तर से (ब) प्राथमिक स्तर से
(स) उच्च माध्यमिक स्तर से (द) उच्च स्तर से। **उत्तर—(अ)**

**8. हिन्दी की दरिद्रता की द्योतक है—**
(अ) सरल वाक्य रचना (ब) वैज्ञानिक लिपि
(स) राजनीतिज्ञों द्वारा हिन्दी की उपेक्षा
(द) स्वाभाविकता। **उत्तर—(स)**

**9. भाषा शब्द की व्युत्पत्ति 'भाष' शब्द से हुई है जिसका अर्थ है—**
(अ) पढ़ना (ब) लिखना
(स) बोलना (द) समझना। **उत्तर—(स)**

**10. भाषा का प्रमुख रूप है—**
(अ) लिखित (ब) मौखिक
(स) 'अ' एवं 'ब' दोनों (द) इनमें से कोई नहीं। **उत्तर—(स)**

**11. किस आधार को भाषा से सम्बन्धित नहीं माना जाता है?**
(अ) शारीरिक (ब) मानसिक
(स) मनोवैज्ञानिक (द) उपर्युक्त सभी। **उत्तर—(ब)**

**12. निम्नलिखित में से कौन-सी बोलने की योग्यता है?**
(अ) सुलेख (ब) श्रुतलेख
(स) वर्तनी की शुद्धता (द) आशु भाषण। **उत्तर—(द)**

**13. भाषा के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सत्य है?**
(अ) भाषा अर्जित है (ब) भाषा असामाजिक प्रक्रिया है
(स) भाषा परिवर्तनशील है (द) भाषा जन्मजात है। **उत्तर—(अ)**

**14. "मनुष्य के मानसिक विकास के लिए मातृभाषा की उतनी ही आवश्यकता है जितनी कि शिशु शरीर के विकास के लिए माता का दूध।" यह कथन है—**
(अ) स्वामी विवेकानन्द का (ब) महात्मा गाँधी का
(स) अरविन्द का (द) प्लेटो का। **उत्तर—(ब)**

**15. मातृभाषा आधारशिला है—**
(अ) संस्कृति की (ब) शिक्षा की
(स) सामाजिकता की (द) इनमें से कोई नहीं। **उत्तर—(ब)**

**16. भारत के अलावा अन्य देशों में हिन्दी पढ़ाई जाती है—**
(अ) क्षेत्रीय भाषा के रूप में (ब) मातृभाषा के रूप में
(स) विदेशी भाषा के रूप में (द) स्थानीय भाषा के रूप में। **उत्तर—(स)**

**17. भारत की राष्ट्रभाषा है—**
(अ) अंग्रेजी (ब) उर्दू
(स) हिन्दी (द) संस्कृत। उत्तर—(स)

**18. "भाषा विहीन व्यक्ति केवल बुद्धिहीन ही नहीं होते बल्कि भावहीन भी हो जाते हैं।" यह कथन है—**
(अ) अरस्तू का (ब) महात्मा गाँधी का
(स) सुकरात का (द) बर्ट का। उत्तर—(द)

**19. ज्ञान बढ़ाने का प्रमुख साधन है—**
(अ) बोली (ब) क्षेत्रीय भाषा
(स) मातृभाषा (द) विदेशी भाषा। उत्तर—(स)

**20. "भाषा ध्वनि संकेतों का व्यवहार है।" उपर्युक्त कथन है—**
(अ) रामचन्द्र शुक्ल का (ब) सीताराम चतुर्वेदी का
(स) रामचन्द्र वर्मा का (द) श्यामसुन्दर दास का। उत्तर—(द)

**21. भिन्न-भिन्न प्रदेशों में बोली जाने वाली भाषा कहलाती है—**
(अ) राष्ट्रभाषा (ब) प्रादेशिक भाषा
(स) सम्पर्क भाषा (द) अन्तर्राष्ट्रीय भाषा। उत्तर—(ब)

**22. हिन्दी भाषा की जननी है—**
(अ) संस्कृत (ब) पाली
(स) गुजराती (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

**23. किसी राष्ट्र की प्रगति का अविरल प्रवाह कहा जाता है—**
(अ) राजभाषा को (ब) मातृभाषा को
(स) राष्ट्रभाषा को (द) अन्तर्राष्ट्रीय भाषा को। उत्तर—(स)

**24. सम्पूर्ण विश्व में कितनी लिपियाँ विद्यमान हैं?**
(अ) 15 (ब) 14 (स) 8 (द) 20. उत्तर—(द)

**25. भाषा का लिखित रूप कहलाता है—**
(अ) उच्चारण (ब) लिपिबद्ध
(स) बोली (द) स्वरांजलि। उत्तर—(ब)

**26. "भाषा ध्वनि संकेतों का व्यवहार है।" यह कथन है—**
(अ) सुमित्रानन्दन पन्त का (ब) श्यामसुन्दर दास का
(स) रामचन्द्र वर्मा का (द) सीताराम चतुर्वेदी का। उत्तर—(ब)

**27. भिन्न प्रदेशों में बोली जाने वाली भाषा कहलाती है—**
(अ) राष्ट्रभाषा (ब) अन्तर्राष्ट्रीय भाषा
(स) प्रादेशिक भाषा (द) सम्पर्क भाषा। उत्तर—(स)

**28. "मुख से उच्चारित होने वाले शब्दों और वाक्यों का समूह, जिसके द्वारा मन की बातें बताई जाती हैं, भाषा कहलाती है।" यह परिभाषित किया है—**
(अ) श्यामसुन्दर दास ने (ब) रामचन्द्र वर्मा ने
(स) रविन्द्रनाथ टैगोर ने (द) सुमित्रानन्दन पन्त ने। उत्तर—(ब)

**29. सम्पूर्ण विश्व में कितनी लिपियाँ विद्यमान हैं?**
(अ) पाँच (ब) बीस
(स) दस (द) पन्द्रह। उत्तर—(ब)



**30. भाषा के लिखित रूप को कहा जाता है—**
(अ) बोली (ब) ध्वनि
(स) लिपि (द) उच्चारण। उत्तर—(स)

**31. देवनागरी लिपि में मूल ध्वनि चिन्हों की संख्या है—**
(अ) दस (ब) बारह
(स) पन्द्रह (द) पैंतालीस। उत्तर—(द)

**32. बालक के सर्वांगीण विकास का आधार होती है—**
(अ) मातृभाषा (ब) राष्ट्रभाषा
(स) क्षेत्रीय भाषा (द) सम्पर्क भाषा। उत्तर—(अ)

**33. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा हिन्दी को संघ की राजभाषा घोषित किया गया?**
(अ) 240 में (ब) 356 में
(स) 151 में (द) 343 में। उत्तर—(द)

**34. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भारतीय भाषाओं को सम्मिलित किया गया है?**
(अ) 12 (ब) 13
(स) 18 (द) 22. उत्तर—(द)

**35. निम्नलिखित में से कौन-सा उद्देश्य कौशल से सम्बन्धित नहीं है?**
(अ) सुनना (ब) लिखना
(स) पढ़ना (द) साहित्य में रुचि। उत्तर—(द)

**36. बालकों को साहित्य सृजन की प्रेरणा देना तथा मौखिक रचना लिखने की योग्यता का विकास करना, उद्देश्य कहलाता है—**
(अ) ज्ञानात्मक (ब) कौशलात्मक
(स) सृजनात्मक (द) रसात्मक। उत्तर—(द)

**37. पाठ्यक्रम को अंग्रेजी में कहा जाता है—**
(अ) करिकुला (ब) करिकुलम
(स) करिकुलस (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(ब)

**38. 'करिकुलम' शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के जिस शब्द से हुई है, उसका अर्थ है—**
(अ) दौड़ का मैदान (ब) खेल का मैदान
(स) खाली मैदान (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

**39. पुस्तक के लिए प्रयुक्त अंग्रेजी शब्द 'बुक' बना है। वह जर्मनी शब्द है—**
(अ) बीक (ब) बक
(स) बिक (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

**40. भाषा को बोलने और लिखने का ढंग कहलाता है—**
(अ) भाव (ब) शैली
(स) अध्ययन (द) विषय-वस्तु। उत्तर—(ब)

**41. आगमन विधि में शिक्षण होता है—**
(अ) मूर्त से अमूर्त की ओर (ब) सरल से जटिल की ओर
(स) ज्ञात से अज्ञात की ओर (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

**42. प्रश्नोत्तर विधि का जन्मदाता है--**
(अ) प्लेटो (ब) अरस्तू
(स) सुकरात (द) पेस्टालॉजी। उत्तर—(स)

**43. अनुसंधान या ह्यूरिस्टिक विधि के प्रवर्तक हैं—**
(अ) कौटिल्य (ब) आर्मस्ट्रांग
(स) मैरीसन (द) मॉण्टेसरी। उत्तर—(ब)

**44. ''इकाई किसी समस्या या योजना से सम्बन्ध जोड़ने वाली क्रियाओं की समग्रता या एकता को प्रकट करती है।'' यह कथन है—**
(अ) मैरीसन का (ब) डॉ. माथुर का
(स) रस्क का (द) थॉमस एम. रस्क का। उत्तर—(द)

**45. किस विधि के माध्यम से छात्र विशिष्ट से सामान्य की ओर अग्रसर होते हैं?**
(अ) आगमन विधि (ब) प्रश्नोत्तर विधि
(स) निगमन विधि (द) कहानी विधि। उत्तर—(स)

**46. प्रोजेक्ट विधि के जन्मदाता हैं—**
(अ) प्लेटो (ब) मैक्डूगल
(स) ड्यूवी (द) किलपैट्रिक। उत्तर—(द)

**47. डाल्टन विधि के प्रवर्तक हैं—**
(अ) ड्यूवी (ब) वेलार्ड
(स) स्टीवेन्सन (द) मिस पार्कहर्स्ट। उत्तर—(द)

**48. बालोद्यान शिक्षण विधि के जनक हैं—**
(अ) कुक (ब) फ्रॉबेल
(स) रायबर्न (द) ड्यूवी। उत्तर—(ब)

**49. खेल विधि के प्रवर्तक हैं—**
(अ) विवेकानन्द (ब) महात्मा गाँधी
(स) जॉन ड्यूवी (द) काल्डवेक कुक। उत्तर—(द)

**50. ''सूक्ष्म शिक्षण कक्षा, आकार, पाठ की विषय-वस्तु तथा शिक्षण की जटिलता को कम करने वाली कक्षा शिक्षण विधि है।'' इस परिभाषा को प्रस्तुत किया है—**
(अ) जेम्स ने (ब) एलेन ने
(स) हॉर्न ने (द) अनविन ने। उत्तर—(ब)

**51. सूक्ष्म शिक्षण का समय होता है—**
(अ) 5 से 7 मिनट (ब) 10 से 15 मिनट
(स) 15 से 17 मिनट (द) 15 से 20 मिनट। उत्तर—(अ)

**52. सूक्ष्म शिक्षण शिक्षण का कैसा रूप है?**
(अ) वृहत् (ब) लघु
(स) दीर्घ (द) विस्तृत। उत्तर—(ब)

**53. समाज/राष्ट्र का निर्माता कहा गया है—**
(अ) प्रधानाचार्य (ब) शिक्षक
(स) अधिवक्ता (द) प्रबन्धक। उत्तर—(ब)



**54. ''कोई भी दो बालक समान नहीं होते हैं।'' उपर्युक्त कथन आधारित है—**
(अ) प्रेरणा के सिद्धान्त पर (ब) व्यक्तिगत विभिन्नता के सिद्धान्त पर
(स) क्रिया के सिद्धान्त पर (द) रुचि के सिद्धान्त पर। उत्तर—(ब)

**55. उच्चारण के समय जब भी अक्षरों और शब्दों पर बराबर बल नहीं होता है, तो उसे कहते हैं—**
(अ) गति (ब) अल्प विराम
(स) बलाघात (द) विराम। उत्तर—(स)

**56. वर्तनी की अशुद्धि का महत्वपूर्ण कारण है—**
(अ) स्थानीय भाषा का प्रभाव (ब) मानसिकता का प्रभाव
(स) व्याकरणीय अशुद्धियाँ (द) लिपि की जटिलता। उत्तर—(द)

**57. हिन्दी भाषा में साहित्य की प्रमुख विधाएँ हैं—**
(अ) नाटक और कहानी (ब) गद्य और पद्य
(स) एकांकी और कविता (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(ब)

**58. गद्य का प्रमुख अंग है—**
(अ) कहानी (ब) संस्मरण
(स) आत्मकथा (द) जीवनी। उत्तर—(द)

**59. शिक्षण प्रक्रिया में जिस वाचन को शिक्षक द्वारा किया जाता है, वह कहलाता है—**
(अ) अनुकरण वाचन (ब) मौन वाचन
(स) आदर्श वाचन (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

**60. गद्य शिक्षण में बोध प्रश्न पूछे जाते हैं—**
(अ) छात्रों से (ब) शिक्षकों से
(स) 'अ' एवं 'ब' दोनों से (द) इनमें से किसी से नहीं। उत्तर—(अ)

**61. नाटक की सामग्री होती है—**
(अ) दृश्य-श्रव्य (ब) दृश्य
(स) श्रव्य (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

**62. सस्वर वाचन किया जाता है—**
(अ) गद्य शिक्षण में (ब) पद्य शिक्षण में
(स) कहानी शिक्षण में (द) नाटक शिक्षण में। उत्तर—(ब)

**63. पूर्व ज्ञान के आधार पर प्रश्न पूछे जाते हैं—**
(अ) बोध प्रश्न (ब) प्रस्तावना प्रश्न
(स) भाव-विश्लेषणात्मक प्रश्न (द) मूल्यांकन प्रश्न। उत्तर—(ब)

**64. शब्दों के दो प्रमुख वर्ग हैं—**
(अ) विकारी/अविकारी (ब) व्यय/अव्यय
(स) 'अ' एवं 'ब' दोनों (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

**65. क्रिया के भेद हैं—**
(अ) अकर्मक (ब) सकर्मक
(स) 'अ' एवं 'ब' दोनों (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

**66. समास के प्रकार होते हैं—**
(अ) चार (ब) पाँच (स) छः (द) आठ। उत्तर—(स)

67. सन्धि के परम्परागत भेद हैं—
(अ) चार (ब) तीन
(स) पाँच (द) छः। उत्तर—(ब)

68. "किसी भाषा को बोलने और लिखने के नियमों की व्यवस्थित पद्धति का नाम ही व्याकरण है।" यह परिभाषा है—
(अ) पाणिनि की (ब) भर्तृहरि की
(स) डॉ. बदरीनाथ कपूर की (द) भट्ट की। उत्तर—(स)

69. व्याकरण के प्रमुख विभाग हैं—
(अ) दो (ब) तीन
(स) चार (द) छः। उत्तर—(ब)

70. शब्दों का व्यवस्थित रूप कहा जाता है—
(अ) शब्द (ब) वर्ण
(स) वाक्य (द) ध्वनि। उत्तर—(स)

71. "वह लड़का अच्छा है।" इस वाक्य में कौन-सा सर्वनाम है?
(अ) निजवाचक (ब) सम्बन्धवाचक
(स) निश्चयवाचक (द) अन्य पुरुष। उत्तर—(स)

72. कर्मधारय समास का उदाहरण है—
(अ) प्रतिदिन (ब) राजपुरुष
(स) चन्द्रमुख (द) अनादर। उत्तर—(स)

73. भार्या का पर्यायवाची शब्द है—
(अ) भाई (ब) चाची
(स) भाभी (द) पत्नी। उत्तर—(द)

74. अग्रज का विलोम शब्द है—
(अ) कृतज्ञ (ब) अनुज
(स) अनभिज्ञ (द) भिज्ञ। उत्तर—(ब)

75. निम्नलिखित शब्दों में कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?
(अ) आँख (ब) कान
(स) जिह्वा (द) नाक। उत्तर—(स)

76. निम्न में से कौन-सा शब्द विकारी नहीं है?
(अ) बुद्धिमान (ब) पुरुष
(स) वह (द) तीव्र। उत्तर—(द)

77. 'उपन्यास' शब्द किस भाषा से आया है?
(अ) फारसी (ब) बंगला
(स) अरबी (द) संस्कृत। उत्तर—(ब)

78. 'पवन' शब्द किस भाषा का शब्द है?
(अ) हिन्दी (ब) संस्कृत
(स) अरबी (द) बंगला। उत्तर—(ब)

79. 'आदमी' शब्द किस भाषा से बना है?
(अ) उर्दू (ब) बंगला
(स) फारसी (द) अरबी। उत्तर—(स)



80. 'औरत' शब्द किस भाषा से आया है?
(अ) उर्दू (ब) संस्कृत
(स) अरबी (द) फारसी। उत्तर—(स)

81. उपर्युक्त शब्द किस प्रत्यय अथवा उपसर्ग से बने हैं?

| शब्द | उत्तर |
|---|---|
| उद्भव | उत् |
| समझौता | औता |
| संरक्षण | सन् |
| अड़ियल | इयल |

82. 'भानूदय' शब्द में कौन-सी सन्धि है?
(अ) दीर्घ स्वर (ब) वृद्धि स्वर
(स) व्यंजन (द) विसर्ग। उत्तर—(अ)

83. 'नवौषधि' में कौन-सी सन्धि है?
(अ) व्यंजन (ब) विसर्ग
(स) दीर्घ (द) वृद्धि स्वर। उत्तर—(द)

84. 'बागीश' किस सन्धि का शब्द है?
(अ) विसर्ग (ब) व्यंजन
(स) दीर्घ (द) गुण। उत्तर—(ब)

85. 'निष्फल' शब्द में कौन-सी सन्धि है?
(अ) विसर्ग (ब) दीर्घ
(स) गुण (द) व्यंजन। उत्तर—(अ)

86. बेमेल शब्द छाँटिए—
(i) अक्षर, शब्द, वाक्य, कहानी उत्तर—कहानी
(ii) कहानी, कविता, नाटक, निबन्ध उत्तर—कविता
(iii) सुनना, बोलना, सोचना, लिखना उत्तर—सोचना
(iv) गद्य, पद्य, पद, कविता उत्तर—गद्य
(v) लोकगीत, लोक नृत्य, त्योहारोत्सव, भाषण उत्तर—भाषण
(vi) भाषण, वाद-विवाद, गायन, अभिनय उत्तर—गायन

87. मॉण्टेसरी प्रणाली की प्रतिपादक थीं—
(अ) मॉण्टेसरी (ब) माउण्टबेटन
(स) फ्रॉबेल (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

88. बेसिक शिक्षा प्रणाली में भाषा की शिक्षा किस माध्यम से दी जाती है?
(अ) सामाजिक पर्यावरण (ब) हस्त-कौशल
(स) प्राकृतिक पर्यावरण (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

89. मौखिक भाषा के मूल तत्व हैं—
(अ) वाक्य (ब) शब्द
(स) अक्षर (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

90. मौखिक भाषा शिक्षण की अप्रत्यक्ष विधियों में कौन-सी विधि नहीं आती?
(अ) गद्य शिक्षण (ब) अभिनय
(स) व्याकरण शिक्षण (द) पद्य शिक्षण। उत्तर—(ब)

**91. मौखिक भाषा शिक्षण की प्रत्यक्ष विधियों में कौन-सी विधि नहीं आती?**
(अ) गद्य शिक्षण (ब) अभिनय
(स) वार्तालाप (द) भाषण। उत्तर—(अ)

**92. मौखिक भाषा की सजीवता किस तथ्य पर निर्भर करती है?**
(अ) उच्चारण की शुद्धता (ब) भावानुकूल स्वराघात
(स) भावानुकूल हाव-भाव (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**93. मौखिक भाषा का कहाँ प्रयोग होता है?**
(अ) पद्य शिक्षण में (ब) गद्य शिक्षण में
(स) व्याकरण शिक्षण में (द) उपर्युक्त सभी में। उत्तर—(द)

**94. मौखिक भाषा का प्रयोग बालक कहाँ करते हैं?**
(अ) परिवार में (ब) पास-पड़ोस में
(स) विद्यालयों में (द) सभी जगह। उत्तर—(द)

**95. लिखित भाषा के मूल तत्व हैं—**
(अ) शब्द (ब) वाक्य
(स) लिपि (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**96. हिन्दी भाषा का पढ़ना-लिखना, सीखना किससे शुरू करना चाहिए?**
(अ) शब्दों से (ब) अक्षरों से
(स) वाक्यों से (द) इन सभी के साथ। उत्तर—(ब)

**97. बच्चों का हस्तलेख सुधारने के लिए क्या उपाय करने चाहिए?**
(अ) प्रतिलेख (ब) अनुलेख
(स) सुलेख प्रतियोगिताएँ (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**98. प्रतिलेख में बालकों को किस प्रकार के अक्षर बनाने पड़ते हैं?**
(अ) थोड़े छोटे (ब) थोड़े बड़े
(स) उसी आकार के (द) किसी भी आकार के। उत्तर—(द)

**99. अनुलेख में बालकों को किस प्रकार के अक्षर बनाने होते हैं?**
(अ) थोड़े छोटे (ब) थोड़े बड़े
(स) उसी आकार के (द) किसी भी आकार के। उत्तर—(स)

**100. श्रुतिलेख बोलते समय शिक्षक को क्या सावधानी बरतनी चाहिए?**
(अ) उचित स्वर (ब) उचित गति
(स) उचित विराम (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**101. मौखिक पठन से क्या लाभ होता है?**
(अ) मौखिक भाषा में सुधार होता है
(ब) लिखित भाषा में सुधार होता है (स) इन दोनों में सुधार होता है
(द) इनमें से किसी में सुधार नहीं होता। उत्तर—(स)

**102. काव्य के मूल तत्व हैं—**
(अ) रस (ब) अलंकार
(स) ध्वनि (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**103. गद्य की कसौटी किसे कहा जाता है?**
(अ) निबन्ध को (ब) कहानी को
(स) नाटक को (द) उपर्युक्त सभी को। उत्तर—(अ)



**104. गद्य में निबन्ध विधा का मूल तत्व क्या है?**
(अ) व्याकरण सम्मत भाषा (ब) विचारों की क्रमबद्धता
(स) विषयानुकूल भाषा-शैली (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**105. गद्य शिक्षण का मूल उद्देश्य क्या है?**
(अ) सामान्य ज्ञान (ब) चरित्र निर्माण
(स) भाषा ज्ञान (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

**106. गद्य पाठों के मौखिक पठन का मुख्य तत्व क्या है?**
(अ) शुद्ध शब्दोच्चारण (ब) बलाघात
(स) स्पष्ट अक्षरोच्चारण (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**107. रचना के प्रकार हैं—**
(अ) दो (ब) तीन
(स) चार (द) पाँच। उत्तर—(अ)

**108. एक-दूसरे के समान अर्थ देने वाले शब्दों को कहते हैं—**
(अ) विलोम शब्द (ब) पर्यायवाची शब्द
(स) तत्सम शब्द (द) युग्म शब्द। उत्तर—(ब)

**109. एक-दूसरे के विपरीत अर्थ देने वाले शब्दों को कहते हैं—**
(अ) पर्यायवाची शब्द (ब) तत्सम शब्द
(स) विपरीतार्थक शब्द (द) देशज शब्द। उत्तर—(स)

**110. जिन उपकरणों के माध्यम से केवल आँखों द्वारा देखा जाता है, वे कहलाते हैं—**
(अ) श्रव्य उपकरण (ब) दृश्य उपकरण
(स) दृश्य-श्रव्य उपकरण (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(ब)

**111. जिन शैक्षिक उपकरणों के माध्यम से केवल कानों द्वारा सुना जाता है, वे कहलाते हैं—**
(अ) श्रव्य उपकरण (ब) दृश्य-श्रव्य उपकरण
(स) मौखिक उपकरण (द) दृश्य उपकरण। उत्तर—(अ)

**112. भाषा प्रयोगशाला को संचालन एवं कार्य प्रणाली के आधार पर कितने भागों में बाँटा जा सकता है?**
(अ) दो (ब) तीन
(स) चार (द) पाँच। उत्तर—(ब)

**113. श्रवण से सम्बन्धित भाषायी कौशल कहलाता है—**
(अ) लेखन कौशल (ब) वाचन कौशल
(स) श्रवण कौशल (द) भाषण कौशल। उत्तर—(स)

**114. लिखित सामग्री को मन ही मन बिना आवाज किए चुपचाप पढ़ना कहलाता है—**
(अ) मौन वाचन (ब) अनुकरण वाचन
(स) आदर्श वाचन (द) सस्वर वाचन। उत्तर—(अ)

**115. लिखित भाषा में व्यक्त विचारों को पढ़ने की क्रिया कहलाती है—**
(अ) वाचन (ब) लेखन
(स) भाषण (द) श्रवण। उत्तर—(ब)

**116. "लेखन एक शारीरिक क्रिया है, जिसमें बालकों के हाथों को गतिविधियाँ करनी पड़ती हैं।" उपर्युक्त कथन है—**
(अ) रूसो का (ब) गाँधीजी का
(स) मॉण्टेसरी का (द) फ्रॉबेल का। उत्तर—(स)

**117. बालक स्वभाव से होते हैं—**
(अ) आदर्श प्रिय (ब) अनुकरण प्रिय
(स) सत्य प्रिय (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(ब)

**118. किसी लिखावट के पहले या बाद में लिखना कहलाता है—**
(अ) अनुलेख (ब) श्रुतिलेख
(स) सुलेख (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

**119. जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन अन्य खण्ड वाक्य हों, कहलाता है—**
(अ) साधारण वाक्य (ब) संयुक्त वाक्य
(स) मिश्रित वाक्य (द) प्रश्नवाचक वाक्य। उत्तर—(स)

**120. जिस वाक्य में किसी कार्य के होने का बोध होता है, उसे कौन-सा वाक्य कहते हैं?**
(अ) प्रश्नवाचक वाक्य (ब) निषेधवाचक वाक्य
(स) विधिवाचक वाक्य (द) आज्ञावाचक वाक्य। उत्तर—(स)

**121. "मूल्यांकन उद्देश्यों की प्राप्ति की सीमा का निर्णय करने की प्रक्रिया है।" यह परिभाषा है—**
(अ) एडम्स की (ब) बेसले और कार्टराइट की
(स) मुफात की (द) माइकेलिस की। उत्तर—(द)

**122. गद्य की नाटक विधा का मूल तत्व क्या है?**
(अ) कथावस्तु (ब) पात्र
(स) संवाद (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**123. गद्य की नाटक विधा का प्राण तत्व क्या है?**
(अ) कथावस्तु (ब) पात्र
(स) संवाद (द) भाषा-शैली। उत्तर—(स)

**124. नाटक शिक्षण का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
(अ) अवसरानुकूल शब्दावली का ज्ञान कराना
(ब) शब्द, सूक्ति एवं लोकोक्तियों का ज्ञान कराना
(स) मानव जीवन की वास्तविकता से परिचित कराना
(द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**125. कहानी का मूल तत्व क्या है?**
(अ) पात्र (ब) कथावस्तु
(स) कथोपकथन (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**126. मूल्यांकन का उद्देश्य नहीं है—**
(अ) विद्यार्थी पतन (ब) शैक्षिक उन्नयन
(स) उत्तरोत्तर प्रगति (द) पाठ्यक्रम सुधार। उत्तर—(अ)



**127. मूल्यांकन की प्रक्रिया छात्रों को प्रेरित करती है—**
(अ) भाषण में वाक्पटुता के लिए (ब) खान-पान में सुधार के लिए
(स) शैक्षिक प्रगति के लिए (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

**128. उपचारात्मक शिक्षण में प्रमुखता से जिसका चयन किया जाता है, वह है—**
(अ) पाठ्यक्रम का (ब) मूल्यांकन प्रणाली का
(स) शिक्षण नीतियों व युक्तियों का (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

**129. निदानात्मक कार्य में किस चर का विश्लेषण किया जाता है?**
(अ) कार्य एवं समस्या का (ब) शिक्षण विधियों का
(स) पाठ्यक्रम का (द) शिक्षण गतिविधियों का। उत्तर—(अ)

**130. सतत एवं व्यापक मूल्यांकन के क्षेत्र हैं—**
(अ) सह-विद्यालय क्षेत्र (ब) विद्यालय क्षेत्र
(स) सह-विद्यालयी गतिविधियाँ (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**131. निम्न में से कौन-सा शब्द परीक्षण की विशेषताओं से सम्बन्धित है?**
(अ) क्रमबद्धता (ब) पारदर्शिता
(स) उद्देश्यनिष्ठता (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**132. कोठारी आयोग के अध्यक्ष थे—**
(अ) जे.पी. नायक (ब) डी.एस. कोठारी
(स) एम.टी. व्यास (द) पिटमैन। उत्तर—(ब)

**133. विद्यार्थियों को हिन्दी साहित्य के इतिहास की रूपरेखा से परिचित कराना किस प्रकार का उद्देश्य है?**
(अ) कौशलात्मक (ब) ज्ञानात्मक
(स) सृजनात्मक (द) रचनात्मक। उत्तर—(ब)

**134. निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षण सूत्र नहीं है?**
(अ) ज्ञात से अज्ञात की ओर (ब) मूर्त से अमूर्त की ओर
(स) अनुकरण से अभ्यास (द) विश्लेषण से संश्लेषण। उत्तर—(स)

**135. निम्नलिखित में से कौन-सा मौखिक भाव-प्रकाशन का साधन नहीं है?**
(अ) अभिनय (ब) कहानी कथन
(स) संवाद (द) दीपावली पर लेख। उत्तर—(द)

**136. निम्नलिखित में से कौन-सा वाचन का आधार नहीं है?**
(अ) अभिनय (ब) वाचन मुद्रा
(स) वाचन शैली (द) सुलेख। उत्तर—(अ)

**137. निम्नांकित में से कौन-सी वाचन शिक्षण की विधि नहीं है?**
(अ) व्याख्या विधि (ब) समवेत विधि
(स) साम्य विधि (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

**138. अशुद्ध उच्चारण का कारण नहीं है—**
(अ) ध्वनि विकृति (ब) सुलेख विहीनता
(स) ध्वनि लोप (द) वाचन मुद्रा। उत्तर—(ब)

**139. फ्रॉबेल के दृष्टिकोण से लेखन कब आरम्भ करना चाहिए?**
(अ) पठन क्रिया से पूर्व (ब) पठन क्रिया के बाद
(स) प्रतीकों की पहचान के पूर्व (द) पढ़ने-लिखने के साथ। उत्तर—(ब)

**140. कौन-सा कारण वर्तनी अशुद्धि का नहीं है?**
(अ) सुलेख का अनभ्यास (ब) रूप रचना का अज्ञान
(स) अशुद्ध उच्चारण (द) शब्द भण्डार की कमी। उत्तर—(द)

**141. निम्नांकित में से कौन-सी विधि रचना शिक्षण की विधि नहीं है?**
(अ) रूपरेखा विधि (ब) प्रदर्शन विधि
(स) निर्देशन विधि (द) भाष्य विधि। उत्तर—(द)

**142. चित्रों पर प्रश्न पूछकर रचना का शिक्षण देना कौन-सी विधि कहलाती है?**
(अ) खेल विधि (ब) शब्द-प्रधान विधि
(स) चित्र-रचना विधि (द) उद्बोधन विधि। उत्तर—(स)

**143. गद्य खण्ड के शिक्षण में आप 'वसुन्धरा' शब्द को कैसे समझाएँगे?**
(अ) रेखाचित्र द्वारा (ब) मानचित्र द्वारा
(स) प्रतिमूर्ति द्वारा (द) पर्याय कथन द्वारा। उत्तर—(द)

**144. कहानी और उपन्यास में समानता का कारण है—**
(अ) चरित्र-चित्रण (ब) कथानक
(स) कल्पना-शक्ति (द) बाह्य दृष्टि। उत्तर—(द)

**145. गद्य शिक्षण में सर्वाधिक महत्व है—**
(अ) सस्वर पठन (ब) रसानुभूति
(स) मौन पठन (द) आदर्श वाचन। उत्तर—(द)

**146. निम्नांकित में से कौन-सी कहानी का वर्ग नहीं है?**
(अ) रसवादी (ब) आदर्शवादी
(स) यथार्थवादी (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(अ)

**147. निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास का तत्व नहीं है?**
(अ) शैली (ब) देशकाल
(स) सौन्दर्यानुभूति (द) कथावस्तु। उत्तर—(स)

**148. उपन्यास शिक्षण में किसका महत्व है?**
(अ) स्वाध्याय (ब) बोध प्रश्न
(स) आदर्श वाचन (द) अनुकरण वाचन। उत्तर—(अ)

**149. निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक का तत्व नहीं है?**
(अ) फलागम (ब) वर्णन
(स) प्रत्याशा (द) नियताप्ति। उत्तर—(ब)

**150. नाटक शिक्षण में किसका महत्व नहीं है?**
(अ) कक्षाभिनय (ब) मौन पठन
(स) रंगमंच अभिनय (द) वाचिक अभिनय। उत्तर—(ब)

**151. काव्य शिक्षण में किसका महत्व अधिक है?**
(अ) आदर्श वाचन (ब) मौन पाठ
(स) विचार विश्लेषण (द) बोध प्रश्न। उत्तर—(अ)

**152. समालोचना का क्या अर्थ है?**
(अ) दोष बताना (ब) गुण बताना
(स) मत प्रकट करना (द) 'अ' व 'ब' दोनों। उत्तर—(द)



**153. निम्नलिखित में से काव्य पाठ के लिए उपयुक्त नहीं है—**
(अ) अंत्याक्षरी (ब) कवि सम्मेलन
(स) शोक सभा (द) कवि जयन्ती। उत्तर—(स)

**154. निम्नलिखित में से पाठ्य-पुस्तक का गुण है—**
(अ) अशुद्धता (ब) कुसम्पादन
(स) प्रयोजन (द) सम्पादन। उत्तर—(स)

**155. अन्य भाषा शिक्षण की कौन-सी विधि अनुपयुक्त है?**
(अ) प्रत्यक्ष विधि (ब) वर्णमाला विधि
(स) संरचनात्मक विधि (द) व्याकरण-अनुवाद विधि। उत्तर—(ब)

**156. हिन्दी में मूल्यांकन हेतु किस प्रकार के प्रश्न उत्तम हैं?**
(अ) लघु उत्तरीय (ब) निबन्धात्मक
(स) वस्तुनिष्ठ (द) तीनों का समन्वित रूप। उत्तर—(द)

**157. साहित्यिक क्रियाओं में कौन-कौन सी क्रियाएँ आती हैं?**
(अ) भाषण (ब) अंत्याक्षरी
(स) वाद-विवाद (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**158. साहित्यिक क्रियाओं में कौन-सी क्रिया नहीं आती?**
(अ) लोकगीत (ब) भाषण
(स) वाद-विवाद (द) अंत्याक्षरी। उत्तर—(अ)

**159. नाटक के अभिनय से मुख्य लाभ क्या होता है?**
(अ) वर्तनी शुद्ध होती है (ब) उच्चारण शुद्ध होता है
(स) अवसरानुकूल शिक्षा प्राप्त होती है
(द) कोई लाभ नहीं। उत्तर—(स)

**160. भाषण प्रतियोगिता से मुख्य लाभ होता है—**
(अ) वर्तनी शुद्ध होती है (ब) उच्चारण शुद्ध होता है
(स) 'अ' एवं 'ब' दोनों (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(ब)

**161. कौन-सा शिक्षण साधन दृश्य सामग्री नहीं है?**
(अ) रेडियो (ब) रेखाचित्र
(स) मूक चित्र (द) श्यामपट्ट। उत्तर—(अ)

**162. कौन-सा शिक्षण साधन श्रव्य साधन नहीं है?**
(अ) रेडियो (ब) टेपरिकार्डर
(स) ग्रामोफोन (द) चित्र विस्तारक। उत्तर—(द)

**163. ओवरहैड प्रोजेक्टर की क्या विशेषता है?**
(अ) यह शिक्षक के ऊपर चित्र प्रदर्शित करता है
(ब) यह शि ाक के सिर से ऊपर की ऊँचाई पर रखा जाता है
(स) यह शिक्षक के सिर से ऊपर की ऊँचाई पर चित्र प्रदर्शित करता है
(द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

**164. कौन-सा शिक्षण साधन दृश्य-श्रव्य साधन नहीं है?**
(अ) रेडियो (ब) नाटक
(स) टेलीविजन (द) कम्प्यूटर। उत्तर—(अ)

165. **टेलीविजन किस प्रकार का शिक्षण साधन है?**
(अ) श्रव्य (ब) दृश्य
(स) श्रव्य-दृश्य (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

166. **व्यक्तिगत अनुदेशन के क्षेत्र में कम्प्यूटर किस रूप में कार्य करता है?**
(अ) शिक्षक के रूप में (ब) मशीन के रूप में
(स) 'अ' एवं 'ब' दोनों (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

167. **भाषा पुस्तकालय से मुख्य लाभ कौन-कौन से हैं?**
(अ) स्वाध्याय के अवसर (ब) कक्षा शिक्षण की पूर्ति
(स) 'अ' एवं 'ब' दोनों (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

168. **भाषा कक्ष में श्यामपट्ट का आकार सामान्यत: कितना होना चाहिए?**
(अ) $1 \times 2$ मीटर (ब) $0{\cdot}5 \times 1$ मीटर
(स) $2 \times 2{\cdot}5$ मीटर (द) $1{\cdot}25 \times 2{\cdot}50$ मीटर। उत्तर—(द)

169. **भाषा कक्ष में वृहद शब्दकोश कहाँ रखना चाहिए?**
(अ) स्टोर रूम में (ब) प्रत्येक सीट पर
(स) कहीं भी (द) एक निश्चित स्थान पर। उत्तर—(द)

170. **भाषा कक्ष में संक्षिप्त शब्दकोश कहाँ रखा होना चाहिए?**
(अ) प्रत्येक सीट पर (ब) स्टोर रूम में
(स) एक निश्चित स्थान पर (द) कहीं भी। उत्तर—(अ)

171. **भाषा कक्ष में टेपरिकार्डर कहाँ रखना चाहिए?**
(अ) स्टोर रूम में (ब) प्रत्येक सीट पर
(स) एक निश्चित स्थान पर (द) कहीं पर भी। उत्तर—(अ)

172. **भाषा पुस्तकालय में किस प्रकार की पुस्तकें होनी चाहिए?**
(अ) साहित्यिक (ब) लोक-रंजनकारी
(स) लोक-मंगलकारी (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

173. **किसी इकाई परीक्षण में किस प्रकार के प्रश्न पूछने चाहिए?**
(अ) लघु उत्तरीय (ब) वस्तुनिष्ठ
(स) निबन्धात्मक (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

174. **भाषा परीक्षा में सबसे अधिक महत्व किस प्रकार के लक्ष्यों को देना चाहिए?**
(अ) सामान्य ज्ञान (ब) भाषा ज्ञान
(स) चारित्रिक गुण (द) सांस्कृतिक विकास। उत्तर—(ब)

175. **भाषा परीक्षा में भाषा-शैली एवं अभिव्यक्ति शक्ति मापन के लिए सर्वाधिक महत्व किस प्रकार की परीक्षा का होना चाहिए?**
(अ) वस्तुनिष्ठ (ब) लघु उत्तरीय
(स) निबन्धात्मक (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(स)

176. **सूक्ष्म शिक्षण का सुझाव सर्वप्रथम किसने दिया?**
(अ) कीथ ने (ब) ड्यूवी ने
(स) एलेन ने (द) स्किनर ने। उत्तर—(अ)

177. **सूक्ष्म शिक्षण उपागम का नामकरण जिस व्यक्ति ने किया, वह है—**
(अ) एलेन (ब) कीथ
(स) स्किनर (द) ड्यूवी। उत्तर—(अ)



178. **सूक्ष्म शिक्षण द्वारा शिक्षकों में एक समय में कितने कौशलों का विकास किया जाता है?**
(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) चार। उत्तर—(अ)

179. **सूक्ष्म शिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को कौन-कौन से कौशलों में प्रशिक्षित किया जाता है?**
(अ) कथन (ब) प्रश्नोत्तर
(स) श्यामपट्ट प्रयोग (द) उपर्युक्त सभी में। उत्तर—(द)

180. **मूल्यांकन होता है—**
(अ) गुणात्मक (ब) मात्रात्मक
(स) 'अ' एवं 'ब' दोनों (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

181. **गद्य शिक्षण का प्रमुख उद्देश्य है—**
(अ) रसानुभूति कराना (ब) अभिनय क्षमता विकसित करना
(स) रचना शिक्षण का ज्ञान देना (द) भाषा कौशल सिखाना। उत्तर—(द)

182. **पद्य शिक्षण का प्रमुख उद्देश्य है—**
(अ) कविता लिखना सिखाना (ब) कविता पाठ करना सिखाना
(स) काव्य सौन्दर्यानुभूति कराना (द) काव्य समीक्षा कराना। उत्तर—(स)

183. **नाटक शिक्षण का उद्देश्य है—**
(अ) मनोरंजन करना (ब) संवाद कला का ज्ञान कराना
(स) हितोपदेश देना (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

184. **निबन्धात्मक परीक्षाएँ होती हैं—**
(अ) वैध (ब) विश्वसनीय
(स) अभिव्यक्तिपरक (द) वस्तुनिष्ठ। उत्तर—(स)

185. **"भाषा ध्वनि संकेतों का व्यवहार है।" उपर्युक्त कथन है—**
(अ) गुलाबराय का (ब) सुमित्रानन्दन पन्त का
(स) श्यामसुन्दर दास का (द) जयशंकर प्रसाद का। उत्तर—(स)

186. **त्रिभाषा सूत्र में माध्यमिक स्तर पर किस भाषा के शिक्षण को प्राथमिकता दी गई है?**
(अ) प्रान्तीय भाषा (ब) मातृभाषा
(स) क्षेत्रीय भाषा (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(ब)

187. **भाषा को लिखने और बोलने का ढंग कहलाता है—**
(अ) कला (ब) भाव
(स) शैली (द) अध्ययन। उत्तर—(स)

188. **अनुक्रमणिका होनी चाहिए—**
(अ) आरम्भ में (ब) मध्य में
(स) अन्त में (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

189. **वर्तनी की अशुद्धि का प्रमुख कारण है—**
(अ) जटिल भाषा (ब) मानसिकता
(स) व्याकरणिक अशुद्धियाँ (द) स्थानीय भाषा का प्रभाव। उत्तर—(द)

**190. ''कहानी एक छोटी रचना है।'' उपर्युक्त कथन है—**
(अ) श्यामसुन्दर दास का (ब) महादेवी वर्मा का
(स) रामचन्द्र शुक्ल का (द) एच.जी. वेल्स का। उत्तर—(द)

**191. नाटक होता है—**
(अ) श्रव्य (ब) दृश्य
(स) 'अ' एवं 'ब' दोनों (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

**192. ''कविता वह साधन है जिसके द्वारा शेष सृष्टि के साथ हमारे रागात्मक सम्बन्ध की रक्षा और निर्वाह होता है।'' यह कथन है—**
(अ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का (ब) श्यामसुन्दर दास का
(स) गुलाबराय का (द) रामचन्द्र शुक्ल का। उत्तर—(द)

**193. किस प्रणाली में एक ही भाषा के कवियों की कविताओं की एक-दूसरे से तुलना की जाती है?**
(अ) व्याख्या प्रणाली में (ब) अभिनय प्रणाली में
(स) तुलना प्रणाली में (द) प्रगति प्रणाली में। उत्तर—(स)

**194. शब्दों के व्यवस्थित रूप को कहते हैं—**
(अ) शब्दांश (ब) वाक्य
(स) ध्वनि (द) वर्ण। उत्तर—(ब)

**195. हिन्दी में स्वर वर्णों की संख्या है—**
(अ) 9 (ब) 10
(स) 11 (द) 12. उत्तर—(द)

**196. कौन-सा माध्यम गद्य रचना का नहीं है?**
(अ) उपन्यास (ब) कविता
(स) निबन्ध (द) कहानी। उत्तर—(ब)

**197. किस परीक्षण में छात्र को आत्म-प्रकाशन का अवसर नहीं मिलता है?**
(अ) मौखिक परीक्षण (ब) निबन्धात्मक परीक्षण
(स) वस्तुनिष्ठ परीक्षण (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

**198. विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन कहलाता है—**
(अ) सांस्कृतिक गतिविधि (ब) पाठ्यक्रम-सहगामी क्रिया
(स) मनोरंजन गतिविधि (द) पाठ्येत्तर क्रिया। उत्तर—(ब)

**199. द्रुत पाठ शिक्षण का उद्देश्य है—**
(अ) शीघ्र एवं बोधगम्य अध्ययन (ब) विषय-वस्तु का गहनता से अध्ययन
(स) विषय-वस्तु विश्लेषण (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(अ)

**200. नाटक शिक्षण का उद्देश्य है—**
(अ) मनोरंजन करना (ब) हितोपदेश देना
(स) संवाद कला का ज्ञान देना (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(द)

## ● मुहावरे/लोकोक्ति

**201. 'आँधी के आम' का अर्थ है—**
(अ) कटे-फटे आम (ब) सड़े-गले आम
(स) पके आम (द) सामयिक लाभ। उत्तर—(द)



**202. 'आँखों में सरसों फूलना' से आशय है—**
(अ) नशे में होना (ब) आश्चर्यजनक कार्य करना
(स) असम्भव को सम्भव करना (द) बे-मौसम बरसात होना। उत्तर—(स)

**203. 'कुएँ में भंग पड़ना' का आशय है—**
(अ) नशे में आ जाना (ब) कुछ सुनाई न पड़ना
(स) दिमाग काम न करना (द) सबकी बुद्धि भ्रष्ट होना। उत्तर—(द)

**204. 'कलम तोड़ना' का अर्थ है—**
(अ) लिखते-लिखते कलम टूट जाना (ब) लिखना बन्द कर देना
(स) अच्छा लिखना (द) खराब लिखना। उत्तर—(स)

**205. 'धूप में बाल सफेद होना' से आशय है—**
(अ) अनुभवी होना (ब) अनुभवहीन होना
(स) ज्ञानी होना (द) अज्ञानी होना। उत्तर—(अ)

**206. 'आगे की सोचने वाला' उसे कहते हैं—**
(अ) दूरदर्शक (ब) दूरदर्शी
(स) भविष्य वक्ता (द) दूरदर्शन। उत्तर—(ब)

**207. 'जो इन्द्रियों द्वारा न जाना जा सके' उसे कहा जाता है—**
(अ) सूक्ष्म (ब) विराट
(स) अगोचर (द) अन्तर्मुखी। उत्तर—(स)

**208. 'जो किसी नियम का पालन न करे' कहलाता है—**
(अ) अभद्र (ब) दुष्ट
(स) उच्छृंखल (ब) अनुशासनहीन। उत्तर—(स)

**209. 'जो पुरुषार्थ के अनुरूप हो' उसे कहते हैं—**
(अ) पौरुष (ब) पुरुष
(स) पौरुषेय (द) पुरुषोचित। उत्तर—(द)

**210. 'अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना' से आशय—**
(अ) अपनी प्रशंसा स्वयं करना (ब) मुँह से तोते की बोली बोलना
(स) अपने को मियाँ घोषित करना (द) मुँह से मीठी बात करना। उत्तर—(अ)

**211. 'गुड़ गोबर होना' का अर्थ है—**
(अ) गीले गोबर जैसा गुड़ (ब) बदबूदार गुड़
(स) गोबर में गुड़ गिर जाना (द) काम बिगड़ना। उत्तर—(द)

**212. 'लाल-पीला होना' से आशय है—**
(अ) भयभीत होना (ब) शरीर पर लाल-पीला रंग लगाना
(स) लाल-पीला रंग मिला देना (द) क्रोध करना। उत्तर—(द)

**213. 'हाथ मलना' से आशय है—**
(अ) पछताना (ब) घबराना
(स) शोक करना (द) जलना। उत्तर—(अ)

**214. 'अन्धेर नगरी चौपट राजा' का आशय है—**
(अ) मनमानी करना (ब) अन्याय व अव्यवस्था का साम्राज्य
(स) कामानुसार फल न मिलना (द) गलती करना। उत्तर—(ब)

**215. 'आकाश-पाताल एक कर देना' से आशय है—**
(अ) झूठ बोलना (ब) बड़ी-बड़ी बातें करना
(स) धोखा देना (द) कठिन परिश्रम करना। **उत्तर—(द)**

**216. 'सिर मुड़ाते ही ओले पड़ना' का अर्थ है—**
(अ) कार्य प्रारम्भ से पूर्व ही मुसीबत आना
(ब) सिर पर ओले गिरना (स) बारिश में ओले गिरना
(द) इनमें से कोई नहीं। **उत्तर—(अ)**

**217. 'छोटे मुँह बड़ी बात करना' से अभिप्राय है—**
(अ) बड़ी-बड़ी बातें करना (ब) अपनी योग्यता से अधिक बोलना
(स) डींगें मारना
(द) छोटे होने पर भी बड़ों से बात करना। **उत्तर—(स)**

**218. 'घाव पर नमक छिड़कना' का तात्पर्य है—**
(अ) चोट लगना (ब) नमक का लेप करना
(स) दुःखी को और दुःखी करना (द) मरहम-पट्टी करना। **उत्तर—(स)**

**219. 'जली-भुनी सुनाना' का क्या अभिप्राय है?**
(अ) कड़वी बात करना (ब) किसी वस्तु को जलाना
(स) भला-बुरा कहना (द) सब कुछ कहना। **उत्तर—(स)**

**220. 'अन्धे की लकड़ी होना' का अर्थ है—**
(अ) बुढ़ापे का एकमात्र सहारा (ब) अन्धे का लकड़ी के सहारे चलना
(स) अन्धे को पार कराना (द) अन्धे के हाथ में लकड़ी। **उत्तर—(अ)**

**221. 'ईंट से ईंट बजाना' का अर्थ है—**
(अ) ईंट पर ईंट पटकना (ब) नष्ट-भ्रष्ट करना
(स) ईंट एकत्रित करना (द) ईंटों की दीवार बनाना। **उत्तर—(ब)**

**222. 'आँखें बिछाना' का अर्थ है—**
(अ) आँखें दिखाना (ब) प्रतीक्षा करना
(स) आँखों के सामने होना (द) आँखें आना। **उत्तर—(ब)**

**223. 'पत्थर की लकीर होना' का तात्पर्य है—**
(अ) बात पर अटल रहना (ब) पत्थर तोड़ना
(स) पत्थर पर रेखा खींचना (द) पत्थर जोड़ना। **उत्तर—(अ)**

**224. 'काला अक्षर भैंस बराबर' का क्या अर्थ है?**
(अ) अल्प ज्ञान रखना (ब) अक्षरों का काला होना
(स) अक्षर और भैंस का बराबर होना
(द) बिल्कुल निरक्षर होना। **उत्तर—(द)**

**225. 'कंगाली में आटा गीला होना' से तात्पर्य है—**
(अ) गरीबी का दिखावा (ब) मुसीबत में और मुसीबत आना
(स) कंगाल व्यक्ति सदैव भूखा रहता है
(द) गीला आटा किसी काम का नहीं। **उत्तर—(ब)**

**226. 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' से आशय है—**
(अ) घर में रहना तीर्थ के बराबर होता है
(ब) यदि मन शुद्ध है तो सभी जगह तीर्थ है
(स) मन प्रसन्न हो तो गंगा स्नान होता है
(द) कठौती में गंगाजल होता है। **उत्तर—(ब)**



**227. 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता' से तात्पर्य है—**
(अ) एक चना क्या भाड़ फोड़ेगा
(ब) कठिन काम अकेले व्यक्ति के वश का नहीं है
(स) भाड़ फोड़ना सरल कार्य नहीं है
(द) कथनी सरल पर कार्य कठिन। **उत्तर—(ब)**

**228. 'डंके की चोट पर कहना' से आशय है—**
(अ) डंका बजाकर अपनी बात कहना
(ब) नक्कारे पर चोट करना (स) स्पष्ट घोषणा करके कहना
(द) ढोल बजाकर कहना। **उत्तर—(स)**

**229. 'धोबी का कुत्ता घर का न घाट का' से आशय है—**
(अ) कुत्ते का घाट पर न जाना (ब) कहीं का नहीं होना
(स) धोबी के कुत्ते का घर पर ही रहना
(द) कुत्ता घर व घाट दोनों के काम का नहीं होता। **उत्तर—(ब)**

**230. 'आटे-दाल का भाव मालूम होना' से आशय है—**
(अ) आटे-दाल के लिए लाइन में लगना
(ब) आटे-दाल की सही कीमत ज्ञात करना
(स) वास्तविकता का ज्ञान होना
(द) आटा-दाल खरीदकर लाना। **उत्तर—(स)**

| | | उत्तर |
|---|---|---|
| **231.** | चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना | —घबरा जाना |
| **232.** | आस्तीन का साँप | —धोखेबाज |
| **233.** | पीठ दिखाना | —भाग जाना |
| **234.** | नौ दो ग्यारह होना | —भाग जाना |
| **235.** | आम के आम गुठलियों के दाम | —दोहरा लाभ होना |
| **236.** | आसमान टूटना | —भारी मुसीबत आना |
| **237.** | कान भरना | —भड़काना |
| **238.** | जी चुराना | —काम से भागना |
| **239.** | नाक का बाल | —अत्यधिक प्रिय |
| **240.** | राई का पर्वत करना | —बढ़ा-चढ़ाकर बताना |
| **241.** | लेने के देने पड़ना | —उल्टी मुसीबत गले पड़ना |
| **242.** | लुटिया डुबोना | —बुरी तरह असफल होना |
| **243.** | हाथ धोकर पीछे पड़ना | —किसी बात के पीछे पड़ जाना |
| **244.** | ईद का चाँद होना | —बहुत कम दिखाई देना |
| **245.** | नौ दिन चले अढ़ाई कोस | —बराबर प्रयत्न करने के बाद भी अपेक्षित फल न मिलना |
| **246.** | आँसू भर लाना | —रो देना |
| **247.** | इधर-उधर की लगाना | —चुगलखोरी करना |
| **248.** | उल्लू बनाना | —बेवकूफ बनाना |
| **249.** | कमर कसना | —पूरी तैयारी करना |

250. खून खौलना —क्रोध आना
251. आँखों का तारा —बहुत प्रिय
252. गागर में सागर भरना —थोड़े शब्दों में अधिक कहना
253. ऊँट के मुँह में जीरा —आवश्यकता से बहुत कम मिलना
254. नाच न जाने आँगन टेढ़ा —काम न आने पर बहाने बनाना
255. करेला और नीम चढ़ा —बुरे व्यक्ति में एक और बुराई आना
256. अन्धे की लकड़ी —एकमात्र सहारा
257. अन्धे के हाथ बटेर लगना —अयोग्य व्यक्ति को ऊँचा पद मिलना
258. अंगूर खट्टे होना —अप्राप्त वस्तु के प्रति उदासीनता
259. आँच न आने देना —हानि न होने देना
260. अपना उल्लू सीधा करना —अपना मतलब निकालना
261. अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना —अपना अहित स्वयं करना
262. आग में घी डालना —क्रोध को बढ़ाना
263. आग-बबूला होना —अत्यधिक क्रोध आना
264. ईंट का जवाब पत्थर से देना —दुष्ट के साथ दुष्टता करना
265. उल्टी-सीधी सुनाना —बुरा-भला कहना
266. एड़ी-चोटी का जोर लगाना —बहुत परिश्रम करना
267. एक ही लकड़ी से हाँकना —व्यावहारिकता की पहचान न होना
268. कोल्हू का बैल —दिन-रात काम करने वाला
269. कलेजे पर साँप लेटना —ईर्ष्या से दु:खी होना
270. कान पर जूँ न रेंगना —बार-बार कहने पर भी ध्यान न देना
271. किंकर्तव्यविमूढ़ होना —कुछ न सूझना
272. कलेजा मुँह को आना —अत्यन्त व्याकुल होना
273. घोड़े बेचकर सोना —निश्चित होकर सोना
274. घर फूँककर तमाशा देखना —सब कुछ नष्ट कर लेना
275. घाट-घाट का पानी पीना —बहुत अनुभवी होना
276. चोली-दामन का साथ —पक्का सम्बन्ध
277. छठी का दूध याद दिलाना —कठिन स्थिति में डालना
278. तारे गिनना —दु:ख से रात काटना
279. दाल में काला होना —शंका होना
280. दिन दूना रात चौगुना होना —अत्यधिक उन्नति होना
281. नाकों चने चबाना —बहुत तंग करना
282. पाँचों अंगुलियाँ घी में होना —अत्यधिक लाभ होना
283. बहती गंगा में हाथ धोना —मौके का लाभ उठाना
284. आठ-आठ आँसू रोना —बहुत अधिक विलाप करना
285. बगुला भगत बनना —पाखण्डी होना
286. रंगा सियार होना —कपटी मनुष्य
287. खरी-खोटी सुनाना —स्पष्ट और कठोर वचन कहना
288. चार चाँद लगना —शोभा बढ़ाना
289. झण्डा गाड़ देना —सफलता का परचम लहराना



290. गढ़े मुर्दे उखाड़ना —शान्ति भंग करने वाली पुरानी बातों को प्रकट करना
291. एक पंथ दो काज —एक ही साधन से दो काम होना।

- **विलोम शब्द का चयन कीजिए—**

292. आविर्भाव तिरोभाव
293. स्थावर जंगम
294. सन्धि विग्रह
295. वक्र ऋजु
296. कृश पुष्ट
297. उन्नति अवनति
298. निन्दा प्रशंसा
299. अचल चल
300. अनुकूल प्रतिकूल
301. अकाल सुकाल
302. अमृत विष
303. आदर अनादर
304. अथ इति
305. हर्ष विषाद
306. स्वर्ग नरक
307. गुरु लघु
308. धनी निर्धन
309. सरल जटिल
310. विश्वास अविश्वास
311. एकता अनेकता
312. दण्ड पुरस्कार
313. अनाथ सनाथ
314. पाताल आकाश
315. अन्त आदि
316. सम्पत्ति विपत्ति
317. इष्ट अनिष्ट
318. गौरव लाघव
319. क्रोध क्षमा
320. कोप कृपा

- **नीचे दिए हुए वाक्यों का एक शब्द में अर्थ का सही विकल्प ढूँढ़िए—**

**321. जिसका कोई शत्रु उत्पन्न न हुआ हो—**
(अ) विश्वामित्र (ब) अजात,शत्रु
(स) शत्रुघ्न (द) अरिमर्दन। उत्तर—(ब)

**322. दूसरों का मुख जोहने वाला—**
(अ) त्रिकालदर्शी (ब) त्रिपथगा
(स) मुखदृष्टा (द) परमुखापेक्षी। उत्तर—(द)

323. जिसके पास तुरन्त सोचने की शक्ति हो—
(अ) प्रत्युत्पन्नमति (ब) बुद्धिमान
(स) मर्मज्ञ (द) बुद्धिजीवी। उत्तर—(अ)

324. सिर से पैर तक—
(अ) शाश्वत (ब) आपाद मस्तक
(स) साधक (द) स्वयंभू। उत्तर—(ब)

325. जो बार-बार चमके—
(अ) देदीप्यमान (ब) चकमक
(स) पिंडज (द) लोहमर्षक। उत्तर—(अ)

326. हमेशा एक जगह स्थिर रहने वाला—
(अ) स्थितप्रज्ञ (ब) क्षणस्थायी
(स) स्थावर (द) विश्वम्भर। उत्तर—(स)

● निम्न में यदि वर्तनी अशुद्ध है तो सही विकल्प चुनिए—

327. कंकटाकीर्ण—
(अ) कंटकाकिर्ण (ब) कंठकाकिर्ण
(स) कंटकाकिरण (द) कोई अशुद्धि नहीं। उत्तर—(द)

328. स्रिखला—
(अ) सृंखला (ब) सिरिखंला
(स) शृंखला (द) कोई अशुद्धि नहीं। उत्तर—(स)

329. अनयोआश्रित—
(अ) अनयोनाश्रित (ब) अन्योन्याश्रित
(स) अन्योआश्रित (द) कोई अशुद्धि नहीं। उत्तर—(ब)

330. झंजावती—
(अ) झंजावती (ब) झंझावति
(स) झंझावती (द) कोई अशुद्धि नहीं। उत्तर—(स)

331. उदिग्नता—
(अ) उद्वीग्नता (ब) उद्विग्नता
(स) उद्धिग्नता (द) कोई अशुद्धि नहीं। उत्तर—(ब)

● निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए—

| | | |
|---|---|---|
| 332. अग्नि | — | पावक, अनल, आग |
| 333. अश्व | — | घोड़ा, तुरंग, हय, बाज |
| 334. अनिल | — | हवा, वायु, समीर, पवन |
| 335. आँख | — | चक्षु, नयन, दृग, लोचन |
| 336. अमृत | — | सुधा, सोम, पीयूष, अमिय |
| 337. असुर | — | दानव, दैत्य, राक्षस, निशाचर |
| 338. आकाश | — | अम्बर, गगन, व्योम, नभ |
| 339. इन्द्र | — | सुरेश, देवेन्द्र, देवराज, सुरपति |
| 340. ईश्वर | — | परमात्मा, ईश, प्रभु, जगदीश |
| 341. ऊँट | — | उष्ट्र, क्रमेल, क्रमेलक |
| 342. कोयल | — | बसन्त दूत, कोकिला, काकपाली, वनप्रिय |



| | | |
|---|---|---|
| 343. कुबेर | — | धननाथ, धनदेव, वसुप्रद, वित्तनाथ |
| 344. कमल | — | पंकज, राजीव, कंज, नीरज |
| 345. गंगा | — | देवनदी, सुरसरि, भागीरथी |
| 346. गृह | — | सदन, घर, भवन, निकेतन |
| 347. चन्द्रमा | — | मयंक, रजनीश, शशि, निशाचर |
| 348. जल | — | नीर, अम्बु, तोय, पानी |
| 349. तालाब | — | तड़ाग, सर, सरोवर, जलाशय |
| 350. देवता | — | सुर, अमर, विबुध, देव |
| 351. दिन | — | वार, दिवस, दिवा, वासर |
| 352. दरिद्र | — | निर्धन, दीन, कंगाल, रंक |
| 353. नौका | — | नाव, जलयान, तरुणी |
| 354. नदी | — | सरिता, वाहिनी, तटिनी, आपगा |
| 355. परमात्मा | — | ईश्वर, ईश, प्रभु, जगदीश |
| 356. पत्नी | — | भार्या, गृहिणी, दारा, बल्लभा |
| 357. पुत्र | — | बेटा, नन्दन, सुत, आत्मज |
| 358. पृथ्वी | — | भू, धरा, वसुन्धरा, क्षिति |
| 359. परोपकार | — | कल्याण, पर, परहित |
| 360. पति | — | भर्त्ता, कत, स्वामी, बल्लभ |
| 361. पुत्री | — | सुता, बेटी, तनया, नन्दिनी |
| 362. पहाड़ | — | गिरि, नत्र, अचल, शैल |
| 363. पुष्प | — | फूल, सुमन, प्रसून, कुसुम |
| 364. बादल | — | मेघ, घन, जलद, जलधर |
| 365. ब्रह्मा | — | प्रजापति, विधि, चतुरानन, स्वयंभू |
| 366. विष्णु | — | हरि, नारायण, श्रीपति, केशव |
| 367. वृक्ष | — | तरु, पेड़, पादप, विटप |
| 368. वस्त्र | — | वसन, चीर, परिधान, अम्बर |
| 369. वर्षा | — | मेघ, पावस, वारिश |
| 370. मित्र | — | दोस्त, सहचर, सखा |
| 371. माता | — | जननी, माँ, अम्बा, जन्मदात्री |
| 372. मछली | — | मत्स्य, मकर, मीन, झष |
| 373. महेश | — | शंकर, महादेव, महेश्वर, शिव |
| 374. राजा | — | नृप, नरेश, भूप, महीप |
| 375. रात्रि | — | निशा, रात, रैन, यामिनी |
| 376. सर्प | — | भुजंग, नाग, साँप, उरग |
| 377. सिंह | — | वनराज, शेर, मृगराज, केसरी |
| 378. सोना | — | स्वर्ण, कनक, हेम, कंचन |
| 379. सूर्य | — | दिनकर, दिवाकर, रवि, भानू |
| 380. स्वर्ग | — | देवलोक, सुरलोक, अमरपुरी, अमरावती |
| 381. समुद्र | — | सागर, रत्नाकर, वारीश, उदीघ |
| 382. शत्रु | — | बैरी, रिपु, दुश्मन, अरि |

383. हिमालय — हिमवान, हिमगिरि, पर्वतराज, हिमाद्रि

● निम्न में से कौन-सा दिये गये शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है—

384. स्वर्ग—
(अ) सुरलोक (ब) द्यौ
(स) त्रिदिव (द) कुंभीपाक। उत्तर—(द)

385. सागर—
(अ) अब्धि (ब) पारावार
(स) सरणि (द) अर्णव। उत्तर—(स)

● निम्न में से दिये गये शब्द का पर्यायवाची है—

386. सेना—
(अ) कटक (ब) हारक
(स) सकल (द) दल। उत्तर—(अ)

387. पुत्री—
(अ) दोहित्री (ब) दुहिता
(स) प्राणिप्रिया (द) वनिया। उत्तर—(ब)

● निम्न में से वाक्य के जिस भाग में त्रुटि हो, उसे छाँटिए—

388. अब यह पौधा (अ) बड़ा विशाल (ब) वृक्ष बन गया है (स) कोई त्रुटि नहीं (द) उत्तर—(स)

389. विश्वनाथ अपने परिवारियों के साथ किसी (अ) महासागर में (ब) एक छोटे मकान में (स) रहता है (द) कोई त्रुटि नहीं उत्तर—(अ)

390. गर्मी की तीव्र (अ) उमस के बाद (ब) शीतल वर्षा हुई (स) कोई त्रुटि नहीं (द) उत्तर—(स)

391. किसानों का जीवन (अ) प्रायः कृषि पर (ब) निर्भर रहता है (स) कोई त्रुटि नहीं (द) उत्तर—(द)

392. कई साल से निर्मला के मन में (अ) तीर्थयात्राओं की (ब) बड़ी लालसा थी (स) कोई त्रुटि नहीं (द) उत्तर—(ब)

393. 'तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहुछाये' में कौन-सा अलंकार है?
(अ) श्लेष (ब) यमक
(स) अनुप्रास (द) सन्देह। उत्तर—(स)

394. 'कनक-कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय' में कौन-सा अलंकार है?
(अ) श्लेष (ब) सन्देह
(स) भ्रान्ति (द) यमक। उत्तर—(द)

395. 'दही-बड़ा' का समास विग्रह क्या होगा?
(अ) दही और बड़ा (ब) दही का बड़ा
(स) दही में बड़ा (द) दही में डूबा हुआ बड़ा। उत्तर—(द)



396. निम्न में से कौन-सा तत्पुरुष समास है?
(अ) प्रतिदिन (ब) दशानन
(स) घनश्याम (द) राजपुरुष। उत्तर—(द)

397. निम्न में से किस शब्द में 'वि' उपसर्ग नहीं है?
(अ) विमाता (ब) विदेश
(स) विटप (द) विहीन। उत्तर—(स)

398. निम्न में से किसमें हिन्दी की विशिष्ट सन्धि हुई है?
(अ) चतुरानन (ब) राकेश
(स) मास्साव (द) विद्यालय। उत्तर—(स)

399. 'तम्बाकू' शब्द किस भाषा से हिन्दी में आता है?
(अ) अरबी (ब) फारसी
(स) पुर्तगाली (द) अंग्रेजी। उत्तर—(स)

400. 'रिक्शा' शब्द किस भाषा का शब्द है?
(अ) जापानी (ब) फ्रेंच
(स) अंग्रेजी (द) पुर्तगाली। उत्तर—(अ)

401. कौन-सा शब्द तद्भव है?
(अ) विवाह (ब) पवन
(स) खत्री (द) अवगुण। उत्तर—(स)

402. निम्न में कौन-सा शब्द समूहवाचक नहीं है?
(अ) टोली (ब) गुच्छा
(स) सागर (द) ढेर। उत्तर—(स)

403. निम्न वाक्यों में अशुद्ध वाक्य छाँटिए—
(अ) चोर को पुलिस ने हथकड़ी पहना दी
(ब) पुलिस द्वारा चोर को हथकड़ी पहनायी गयी
(स) हथकड़ी तोड़कर चोर भाग नहीं सकता था
(द) चोर पुलिस की दोस्ती खतरनाक परिणाम हो सकती है। उत्तर—(द)

404. निम्नलिखित वाक्यों में अशुद्ध वाक्य है—
(अ) चोर डाकू लोग डाका डालने जा रहे थे
(ब) एक मकान में कई परिवार रहते हैं
(स) विचारों का आदान-प्रदान होना चाहिए
(द) उधार की पुस्तक तुम्हें वापिस कर देनी चाहिए। उत्तर—(अ)

405. निम्नलिखित वाक्यों में अशुद्ध वाक्य है—
(अ) भाषा का व्यावहारिक शिक्षण उपयोगी होता है
(ब) सिद्धांतहीन जीवन व्यर्थ है
(स) काम की खोज में वह दूर भटक रहा है
(द) सभी को उचित मूल्य पर सामान बेचना चाहिए। उत्तर—(स)

406. निम्न वाक्यों में शुद्ध वाक्य छाँटिए—
(अ) नौ दो ग्यारह होते हैं (ब) आज सम्भवतः यह कार्य हो जाएगा।
(स) सम्प्रति इस समय वह अपने घर पर होगा
(द) अधिक कमाना और कम खर्च करना अच्छी आदत है। उत्तर—(ब)

**407. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है—**

(अ) भारत सरकार परिवार-नियोजन पर बल दे रही है
(ब) सिनेमा मनोरंजन की अच्छी प्रणाली है
(ब) सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार होना चाहिए
(द) प्रेमचन्द अनेक उपन्यास लिखे हैं।

उत्तर—(स)

**408. निम्न वाक्यों में शुद्ध वाक्य छाँटिए—**

(अ) विवेकानन्द ने विश्व के अनेक देशों में भारतीय संस्कृति का प्रचार किया
(ब) विवेकानन्द का प्रभाव आज भी दिखाई पड़ता है
(स) विवेकानन्द योगी थे, उनकी योग साधना अनुकरणीय है
(द) टैगोर ने मानवतावादी कविता की।

उत्तर—(अ)

**409. निम्न में से शुद्ध वाक्य है—**

(अ) प्रसाद को मानव मन की गहराई की थाह है
(ब) महात्मा गाँधी विचारक और समाज-सुधारक भी थे
(स) दिनकर की राष्ट्रवादी कविताएँ आज भी लोकप्रिय हैं
(द) निराला को व्यक्तित्व विशिष्ट है।

उत्तर—(अ)

**410. 'सबका उदय चाहने वाला' के लिए उपयुक्त शब्द है—**

(अ) नेता (ब) सर्वोदयी
(स) सर्वमंगलकारी (द) समाजसेवी।

उत्तर—(ब)

**411. 'जिसे आसानी से सिद्ध न किया जा सके' के लिए उपयुक्त शब्द है—**

(अ) कठिन (ब) दु:साध्य
(स) अलभ्य (द) असिद्ध।

उत्तर—(ब)

**412. 'वीर पुत्रों को जन्म देने वाली' के लिए उपयुक्त शब्द है—**

(अ) वीरांगना (ब) वीरवधू
(स) वीरप्रसूता (द) वीरमाता।

उत्तर—(अ)

**413. 'हाथ से लिखी हुई पुस्तक के लिए' उपयुक्त शब्द है—**

(अ) हस्तलिखित (ब) पाण्डुलिपि
(स) स्वहस्तलेख (द) प्रथम आलेख।

उत्तर—(ब)

**414. 'भावना में बह जाने वाला' के लिए उचित शब्द है—**

(अ) दयालु (ब) संवेदनशील
(स) भावमय (द) भावुक।

उत्तर—(द)

**415. अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द लिखिए—**

| | उत्तर |
|---|---|
| **1. जो सब जानता है** | —सर्वज्ञ |
| **2. जिसकी उपेक्षा पहले से की गयी है** | —अपेक्षित |
| **3. जिस पर सन्देह न किया जा सके** | —नि:सन्देह |
| **4. जिसके पार न देखा जा सके** | —अपारदर्शी |
| **5. जो दूसरों के दु:ख से दु:खी हो** | —संवेदनशील |
| **6. जिसका ईश्वर में विश्वास न हो** | —नास्तिक |
| **7. गाना गाने वाला** | —गायक |
| **8. जिसका ईश्वर में विश्वास हो** | —आस्तिक |
| **9. मन्दिर में पूजा करने वाला** | —पुजारी |



| | |
|---|---|
| 10. जिसके पति का स्वर्गवास हो गया हो | —विधवा |
| 11. जो कुछ भी न जानता हो | —अज्ञ |
| 12. जो थोड़ा जानता हो | —अल्पज्ञ |
| 13. तीन कालों को देखने वाला | —त्रिकालदर्शी |
| 14. जिस स्त्री का पति जीवित हो | —सधवा |
| 15. आकाश में घूमने वाला | —नभचर |
| 16. जो पानी में निवास करे | —जलचर |
| 17. जो माँस-मछली न खाता हो | —शाकाहारी |
| 18. अधिक बोलने वाला | —वाचाल |
| 19. जिसका कभी विनाश न हो | —अविनाशी |
| 20. इन्द्रियों पर विजय पाने वाला | —जितेन्द्रिय |
| 21. जो काम कठिनता से हो | —दुष्कर |
| 22. पहले जन्म लेने वाला ( बड़ा भाई ) | —अग्रज |
| 23. बाद में जन्म लेने वाला ( छोटा भाई ) | —अनुज |
| 24. अपने पाँव पर खड़ा रहने वाला | —स्वावलम्बी |
| 25. जो चिरकाल से हो रहा है | —चिरंतन |
| 26. जो युगों से हो रहा है | —सनातन |
| 27. जिसका अनुकरण किया जा सके | —अनुकरणीय |
| 28. बिना वेतन के काम करने वाला | —अवैतनिक |
| 29. जो जानना चाहता हो | —जिज्ञासु |
| 30. जो पीना चाहता हो | —पिपासु |
| 31. जो मोक्ष चाहे | —मुमुक्षु |
| 32. साथ रहने वाला | —सहवासी |
| 33. समान धर्म वाला | —सहधर्मी |
| 34. उपकार को न मानने वाला | —कृतघ्न |
| 35. उपकार को मानने वाला | —कृतज्ञ |
| 36. सब कालों से सम्बन्ध रखने वाला | —सर्वकालिक |
| 37. सभी लोगों से सम्बन्ध रखने वाला | —सार्वजनिक |
| 38. जिस बात का कथन न हो सके | —अकथनीय |
| 39. जिसे जाना न जा सके | —अज्ञेय |
| 40. जिसका आदि न हो | —अनादि |
| 41. जिसका अन्त न हो | —अनन्त |
| 42. पहले से दूर की न सोचने वाला | —अदूरदर्शी |
| 43. सभी को समान दृष्टि से देखने वाला | —समदृष्टि |
| 44. जिसका इलाज न हो सके | —असाध्य |
| 45. थोड़ा खर्च करने वाला | —मितव्ययी |
| 46. थोड़ा बोलने वाला | —मितभाषी |
| 47. फिजूलखर्च करने वाला | —अपव्ययी |
| 48. जो क्षमा के योग्य न हो | —अक्षम्य |
| 49. जो मनुष्यता से दूर हो | —[illegible] |

50. जिसका आचरण अच्छा हो —सदाचारी
51. जिस भूमि में कुछ उत्पन्न न हो —बंजर
52. हवन में जलाने वाली लकड़ी —समिधा
53. पेट की अग्नि —जठराग्नि
54. जिस भूमि में अच्छी पैदावार हो —उर्वरा
55. जिसे बुलाया न गया हो —अनाहूत

**416. 'भ्रष्ट' का पर्याय है—**
(अ) दोषी (ब) पापी
(स) घूसखोर (द) च्युत। उत्तर—(स)

**417. 'गर्हित' का पर्याय है—**
(अ) भ्रष्ट (ब) पीड़ित
(स) अलोचित (द) निन्दित। उत्तर—(द)

**418. 'कृशानु' का पर्याय है—**
(अ) अग्नि (ब) दुर्बल
(स) इन्द्र (द) पवन। उत्तर—(अ)

**419. 'निमिष' का पर्याय है—**
(अ) पूर्ण (ब) प्रकाश
(स) छिद्र (द) क्षण। उत्तर—(द)

**420. 'उन्मीलित' का पर्याय है—**
(अ) स्वच्छन्द (ब) प्रस्फुटित
(स) बन्द (द) विकसित। उत्तर—(ब)

**421. निम्न में से सबसे अच्छी अभिव्यक्ति है—**
(अ) मैं जाते-जाते रुक गया (ब) मैं जा रहा था और रुक गया
(स) मैं जा रहा था पर रुक गया
(द) मेरा जाना और रुकना एक साथ हो गया। उत्तर—(अ)

**422. 'अंग-अंग का ढीला होना' से आशय है—**
(अ) थक जाना (ब) बीमार हो जाना
(स) शिथिल हो जाना (द) दुर्बल होना। उत्तर—(स)

**423. 'हाथ भरना' का अर्थ है—**
(अ) मेंहदी लगाना (ब) श्रृंगार करना
(स) सब कुछ गँवाना (द) भरपूर कमाना। उत्तर—(द)

**424. 'मिट्टी का माधो होना' से तात्पर्य है—**
(अ) मूर्तिवत् होना (ब) जड़ होना
(स) मूर्ख होना (द) संवेदनहीन होना। उत्तर—(स)

**425. 'दिन में तारे नजर आना' से तात्पर्य है—**
(अ) घबड़ा जाना (ब) आँखों में रोग हो जाना
(स) प्रलय होना (द) आश्चर्यचकित होना। उत्तर—(स)

**426. 'मुट्ठी गरम करना' से अभिप्राय है—**
(अ) हाथ सेंकना (ब) अनुकूल बनाना
(स) घूस लेना (द) हाथ मिलाना। उत्तर—(स)



**427. 'दूर के ढोल सुहावने होना' से आशय है—**
(अ) दूर की आवाज अच्छी लगना (ब) संकेत का शुभ होना
(स) अपरिचित का आकर्षण (द) दिखावटी होना। उत्तर—(स)

**428. 'तबले की बला बन्दर के सिर' से आशय है—**
(अ) असन्तुलित व्यवस्था करना (ब) दोषी कोई और पर दोष किसी और को
(स) अनर्गल प्रलाप करना (द) दुर्व्यवहार करना। उत्तर—(ब)

**429. 'कर्म शून्य रुचि' से आशय है—**
(अ) चेतनाहीनता (ब) काम न करके लाभ की कामना
(स) कर्तव्यहीनता (द) कर्महीन का संकल्प। उत्तर—(ब)

● **निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ का चयन कीजिए—**

**430. शार्दूल—**
(अ) त्रिशूल (ब) शारदा
(स) सिंह (द) कबूतर। उत्तर—(स)

**431. हिमांशु—**
(अ) हिमालय (ब) सूर्य
(स) चन्द्रमा (द) चाँदनी। उत्तर—(स)

**432. किंकर—**
(अ) नौकर (ब) निर्धन
(स) कर्मठ (द) निकृष्ट। उत्तर—(ब)

**433. कमल—**
(अ) अम्बर (ब) राजीव
(स) मन्दाकिनी (द) अनल। उत्तर—(ब)

**434. चन्द्रमा—**
(अ) चन्द्रिका (ब) शशि
(स) खनक (द) निकेत। उत्तर—(ब)

**435. राकेश—**
(अ) तारा (ब) चन्द्रिका
(स) शशि (द) चन्द्रमा। उत्तर—(द)

**436. अनल—**
(अ) जल (ब) तेज
(स) अग्नि (द) वायु। उत्तर—(स)

**437. लोहित—**
(अ) आहत (ब) लोहे के समान
(स) लाल रंग का (द) लावण्यमय। उत्तर—(स)

**438. जनार्दन—**
(अ) राम (ब) कृष्ण
(स) ब्रह्मा (द) विष्णु। उत्तर—(द)

**439. शिव—**
(अ) रुद्र (ब) शिवालय
(स) रुद्राक्ष (द) हरि। उत्तर—(अ)

● **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

**440. राष्ट्रपति ने लोकसभा……कर दी।**
(अ) अन्त (ब) भंग
(स) समाप्त (द) बन्द। **उत्तर—(ब)**

**441. देश की……बनाए रखना हमारा प्रथम दायित्व है।**
(अ) लोकसभा (ब) नेतागिरी
(स) अखण्डता (द) दुर्बलता। **उत्तर—(स)**

**442. राजीव गाँधी की हत्या का समाचार सुनकर सभी लोग……रह गये।**
(अ) दुःखी (ब) हतप्रभ
(स) शान्त (द) क्षुब्ध। **उत्तर—(ब)**

**443. सम्राट अशोक ने……धर्म स्वीकार किया था।**
(अ) आर्य (ब) बौद्ध
(स) हिन्दू (द) जैन। **उत्तर—(ब)**

**444. मुझे तुम्हारी……पर प्रसन्नता है।**
(अ) असफलता (ब) हठधर्मिता
(स) दुष्टता (द) सफलता। **उत्तर—(द)**

**445. उपयुक्त शब्द के द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**
1. सन्तुलित व्यवहार जीवन में सफलता की…………है। (कुंजी)
2. महारानी लक्ष्मीबाई का युद्ध…………देखते ही बनता है। (कौशल)
3. सरकार दलितों को नौकरी हेतु…………प्रदान कर रही है। (आरक्षण)
4. मेरे पूज्य पिताजी का…………हो गया है। (स्वर्गवास)
5. रामचरित मानस महाकवि…………की रचना है। (तुलसीदास)
6. राजभाषा को…………भाषा भी कहा जाता है। (शासकीय)
7. भारत की सांस्कृतिक भाषा…………है। (संस्कृत)
8. …………भाषा से पोषित होता है। (साहित्य)
9. कई…………से मिलकर एक भाषा का निर्माण होता है। (विभाषाओं)
10. भावाभिव्यक्ति का सर्वश्रेष्ठ माध्यम…………है। (भाषा)
11. व्यक्तित्व के स्वच्छन्द विकास के लिए…………आवश्यक है। (मातृभाषा)
12. मातृभाषा…………का सरलतम साधन है। (अभिव्यक्ति)
13. हिन्दी की मूल भाषा…………है। (संस्कृत)
14. पालि से…………भाषा का विकास हुआ। (प्राकृत)
15. बौद्ध ग्रन्थों की रचना…………भाषा में हुई है। (पालि)
16. खड़ी बोली को वर्तमान परिनिष्ठित रूप प्रदान करने का श्रेय…………को है। (महावीर प्रसाद द्विवेदी)
17. हिन्दी को राजभाषा का दर्जा सन्…………में मिला। (1950)
18. उपन्यास…………भाषा का शब्द है। (बांग्ला)
19. पठान…………भाषा से आया शब्द है। (पश्तो)
20. दरोगा…………भाषा का शब्द है। (तुर्की)
21. कारतूस…………भाषा का शब्द है। (फ्रेंच)
22. …………है। (सरल



23. पूर्ण विराम हिन्दी में…………से आया है। (संस्कृत)
24. जायसी…………भाषा के कवि थे। (अवधी)
25. …………जायसी की प्रसिद्ध रचना है। (पद्मावत)
26. जयशंकर प्रसाद…………के स्तम्भ माने जाते हैं। (छायावाद)
27. प्रगतिवाद का प्रारम्भ…………से माना जाता है। (निराला)
28. प्रयोगवाद के प्रवर्तक…………थे। (अज्ञेय)
29. राम की शक्ति पूजा…………की रचना है। (निराला)
30. एन.सी.ई.आर.टी. की स्थापना सन्…………में हुई। (1961)
31. 10 + 2 + 3 शिक्षा संरचना सन्…………में लागू की गई। (1968)
32. मारिया मॉण्टेसरी…………की शिक्षिका थीं। (इटली)
33. मॉण्टेसरी शिशु को पहले…………सिखाने की पक्षधर थीं। (लिखना)
34. फ्रॉबेल…………खेल को सर्वाधिक महत्व देते थे। (गेंद)
35. बेसिक शिक्षा प्रणाली का समर्थन…………ने किया था। (महात्मा गाँधी)
36. पाठ्य-पुस्तक का……विषय को स्पष्ट करने वाला होना चाहिए। (शीर्षक)
37. भाषा बालकों में…………विकास करती है। (सृजनात्मक)
38. कविता सीधे…………पर प्रभाव डालती है। (हृदय)
39. विनय पत्रिका…………की रचना है। (तुलसीदास)
40. नाटक का प्राण…………है। (संवाद-योजना)
41. काव्य में…………को इच्छानुसार परिवर्तित किया जा सकता है। (शब्दों)
42. व्याकरण भाषा का…………है। (नियन्त्रक)
43. नाटक की भाषा…………के अनुरूप होनी चाहिए। (देश-काल)
44. छात्रों को हिन्दी भाषा के विकास क्रम का परिचय देना हिन्दी शिक्षण के…………उद्देश्य के अन्तर्गत आता है। (ज्ञानात्मक)
45. तत्सम शब्दों में केवल…………होता है। (विसर्ग)
46. भाषा के सम्बन्ध में सुधार लाने हेतु अक्टूबर, 1952 में…………आयोग की नियुक्ति हुई। (माध्यमिक शिक्षा)
47. मौखिक भाषा की अन्तिम इकाई…………होती है। (ध्वनि)
48. भारतीय संविधान में…………को राजभाषा घोषित किया गया है। (हिन्दी)
49. शुद्ध उच्चारण का सम्बन्ध वर्तनी की…………से होता है। (शुद्धता)
50. लिपि की अज्ञानता वर्तनी की अशुद्धता का…………कारण है। (तकनीकी)
51. त्रिभाषा सूत्र के अनुसार माध्यमिक शिक्षा के प्रत्येक बालक को अनिवार्यतः (1)…………(2)…………(3)…………भाषा पढ़नी होंगी।
1. मातृभाषा या क्षेत्रीय, 2. अंग्रेजी, 3. हिन्दी अथवा एक भारतीय भाषा)
52. आदर्श पाठ…………द्वारा किया जाता है। (शिक्षक)
53. पाठ योजना में पुनरावृत्ति के स्थान पर…………के सोपान को रखना अधिक प्रचलित है। (मूल्यांकन)
54. शिक्षा का मनोवैज्ञानिक माध्यम…………है। (मातृभाषा)
55. मातृभाषा से बालक का…………विकास होता है। (संवेगात्मक)

**446. निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए—**

| शब्द | तत्सम | शब्द | तत्सम |
|---|---|---|---|
| 1. आग | अग्नि | 2. धीरज | धैर्य |
| 3. भरम | भ्रम | 4. कान्ह | कृष्ण |
| 5. ऊँट | उष्ट्र | 6. निम्ब | नीम |
| 7. अँगीठी | अंगिष्ठिका | 8. सिंगार | शृंगार |
| 9. नखत | नक्षत्र | 10. नाक | नासिका |
| 11. पांत | पंक्ति | 12. मोती | मुक्ता |
| 13. जिगर | यकृत | 14. मकड़ी | मर्कटी |
| 15. बाँस | वंश | 16. भौजाई | भ्रातृजाया |
| 17. सच | सत्य | 18. घर | गृह |
| 19. कोयल | कोकिल | 20. अमचूर | आम्र चूर्ण |
| 21. भँवरा | भ्रमर | 22. हल्दी | हरिद्रा |
| 23. धरती | धरित्री | 24. डंक | दंश |
| 25. मिट्टी | मृत्तिका | 26. जग्य | यज्ञ |
| 27. रात | रात्रि | 28. मोर | मयूर |
| 29. प्रगट | प्रकट | 30. पोता | पौत्र |

**447. समास-विग्रह कीजिए—**

| शब्द | विग्रह |
|---|---|
| 1. **त्रिभुवन** | — तीनों लोकों का समाहार |
| 2. **नीलाम्बर** | — नीला है जो अम्बर |
| 3. **दशानन** | — दस है आनन जिसके (रावण) |
| 4. **पुरुषोत्तम** | — महान् है जो पुरुष |
| 5. **राजपुरुष** | — राजा का पुरुष |
| 6. **महापुरुष** | — महान् है जो पुरुष |
| 7. **लम्बोदर** | — लम्बा है उदर जिसका (गणेश) |
| 8. **नीलकण्ठ** | — नीला है कण्ठ जिसका (शिव) |
| 9. **पिता-पुत्र** | — पिता और पुत्र |
| 10. **रात-दिन** | — रात और दिन |
| 11. **पुस्तकालय** | — पुस्तक का आलय |
| 12. **युधिष्ठिर** | — युद्ध में स्थिर |
| 13. **परलोकगमन** | — परलोक को गमन |
| 14. **गृहागत** | — गृह को आया हुआ |
| 15. **हथकड़ी** | — हाथ के लिए कड़ी |
| 16. **गृहस्थ** | — गृह में स्थित |
| 17. **चन्द्रमुख** | — चन्द्रमा के समान मुख |
| 18. **धर्मज्ञ** | — धर्म का जानकार |
| 19. **आजन्म** | — जन्मपर्यन्त |
| 20. **यथाशक्ति** | — शक्ति के अनुसार |
| 21. **अनरूप** | — रूप के योग्य |
| 22. **महाजन** | — महान् है जो जन |
| 23. **महाराज** | — महान् है जो राजा |
| 24. **महादेव** | — महान् हैं जो देव (शिव) |
| 25. **महाविद्यालय** | — महान् है जो विद्यालय |
| 26. **कृष्ण सर्प** | — काला है जो सर्प |
| 27. **घनश्याम** | — घन के समान श्याम |
| 28. **नरसिंह** | — सिंह के समान मनुष्य |
| 29. **विद्याधन** | — विद्यारूपी धन |
| 30. **मुख कमल** | — मुख रूपी कमल |
| 31. **कृष्ण श्वेत** | — कृष्ण और श्वेत |
| 32. **पंचवटी** | — पाँच वटों का समूह |
| 33. **पीताम्बर** | — पीले हैं वस्त्र जिसके (विष्णु) |
| 34. **चन्द्रकान्त** | — चन्द्रमा की कान्ति के समान |
| 35. **राजपुत्र** | — राजा का पुत्र |



**448. प्रयुक्त सन्धि का नाम लिखते हुए सन्धि-विच्छेद कीजिए—**

| शब्द | सन्धि-विच्छेद | सन्धि का नाम |
|---|---|---|
| 1. नायक | नै + अक | अयादि सन्धि |
| 2. पीताम्बर | पीत + अम्बर | दीर्घ सन्धि |
| 3. महेश | महा + ईश | गुण सन्धि |
| 4. हिमालय | हिम + आलय | दीर्घ सन्धि |
| 5. पावक | पौ + अक | अयादि सन्धि |
| 6. गजेन्द्र | गज + इन्द्र | गुण सन्धि |
| 7. नरेन्द्र | नर + इन्द्र | गुण सन्धि |
| 8. सुरेन्द्र | सुर + इन्द्र | गुण सन्धि |
| 9. अत्यधिक | अति + अधिक | यण सन्धि |
| 10. पुष्पेन्द्र | पुष्प + इन्द्र | गुण सन्धि |
| 11. विद्यालय | विद्या + आलय | दीर्घ सन्धि |
| 12. योगेश | योग + ईश | गुण सन्धि |
| 13. निर्धन | निः + धन | विसर्ग सन्धि |
| 14. शुभागमन | शुभ + आगमन | दीर्घ सन्धि |
| 15. रवीन्द्र | रवि + इन्द्र | दीर्घ सन्धि |
| 16. भानूदय | भानु + उदय | दीर्घ सन्धि |
| 17. परोपकार | पर + उपकार | गुण सन्धि |
| 18. देवेन्द्र | देव + इन्द्र | गुण सन्धि |
| 19. महर्षि | महा + ऋषि | गुण सन्धि |
| 20. सदैव | सदा + एव | वृद्धि सन्धि |
| 21. नवौषधि | नव + औषधि | वृद्धि सन्धि |
| 22. स्वागत | सु + आगत | यण सन्धि |
| 23. वागीश | वाक् + ईश | व्यंजन सन्धि |
| 24. जगन्नाथ | जगत् + नाथ | व्यंजन सन्धि |

| | | |
|---|---|---|
| 25. सज्जन | सत् + जन | व्यंजन सन्धि |
| 26. निस्सन्देह | नि: + सन्देह | विसर्ग सन्धि |
| 27. महोत्सव | महा + उत्सव | गुण सन्धि |
| 28. दिगम्बर | दिक् + अम्बर | व्यंजन सन्धि |
| 29. परमात्मा | परम + आत्मा | दीर्घ सन्धि |
| 30. भास्कर | भा: + कर | विसर्ग सन्धि |

**449. शुद्ध रूप लिखिए—**

| अशुद्ध | शुद्ध | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|---|
| 1. ईस्वर | ईश्वर | 2. पुरुश | पुरुष |
| 3. देस | देश | 4. अतैव | अतएव |
| 5. अन्धा | अन्ध | 6. आसरा | आश्रय |
| 7. उत्तपत्ति | उत्पत्ति | 8. काम | कर्म |
| 9. कुआं | कूप | 10. चाँद | चन्द्र |
| 11. सुहाग | सौभाग्य् | 12. प्रान | प्राण |
| 13. चन्दरमा | चन्द्रमा | 14. जज्ञ | यज्ञ |
| 15. ओंठ | ओष्ठ | 16. ऊँट | उष्ट्र |
| 17. सच | सत्य | 18. सपना | स्वप्न |
| 19. बेद | वेद | 20. मुँह | मुख |

**450. निम्न शब्दों का अर्थ स्पष्ट कीजिए—**

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| 1. वारिज | कमल | 2. नल | राजा नल |
| 3. कमनीय | सुन्दर | 4. उद्गार | उचित कथन |
| 5. अचल | पर्वत | 6. अशक्त | शक्तिहीन |
| 7. उभय | दोनों | 8. अभिनव | नया |
| 9. अविलम्ब | शीघ्र | 10. अभिराम | सुन्दर |
| 11. अपकार | बुराई | 12. अनिष्ट | निष्ठारहित |
| 13. इति | समाप्ति | 14. इन्दिरा | लक्ष्मी |
| 15. कृपण | कंजूस | 16. कृपाण | तलवार |
| 17. कूट | पर्वत | 18. गुर | उपाय |
| 19. जरा | बुढ़ापा | 20. नियत | निश्चित |
| 21. अंक | गोद | 22. कूल | किनारा |
| 23. कृती | परिश्रमी | 24. कली | अधखिला पुष्प |
| 25. चारण | भाट | 26. द्यूत | जुआ |
| 27. प्रसाद | कृपा | 28. फण | साँप का फन |
| 29. शुक्ल | स्वच्छ/उजाला | 30. वसन | वस्त्र |

●●●

## B.Ed. I Year Examination, 2022
## Paper–BD-106(D)
## PEDAGOGY OF LANGUAGES (I-HINDI)

**1.** मातृभाषा बालक के.............की भाषा है।
(अ) पिता (ब) माँ
(स) परिवार (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**2.** भाषा के मुख्य कौशल सुनना,.........., ........ एवं बोलना है।
(अ) लिखना (ब) पढ़ना, लिखना
(स) लिखना, पढ़ना (द) पढ़ना। उत्तर—(ब)

**3.** भाषा शिक्षण की सफलता...........निर्भर करती है।
(अ) शुद्ध उच्चारण (ब) शुद्ध लेखन
(स) शुद्ध वाचन (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**4.** भाषा का सीधा सम्बन्ध..........से होता है।
(अ) व्याकरण (ब) कविता
(स) निबन्ध (द) कहानी। उत्तर—(अ)

**5.** 'पालने की भाषा' कहा जाता है—
(अ) मातृभाषा (ब) आदि भाषा
(स) क्षेत्रीय भाषा (द) बोली। उत्तर—(अ)

**6.** 'लिखना पढ़ने से पूर्व सीखना चाहिए'—यह विचार किसका है?
(अ) लेडी मॉण्टेसरी (ब) डाल्टन
(स) रूसो (द) फ्रोबेल। उत्तर—(अ)

**7.** "भाषा के आविर्भाव से सारा संसार गूँगों की विराट बस्ती बनने से बच गया।" यह कथन किसका है?
(अ) डॉ. भोलानाथ तिवारी (ब) डॉ. मंगलदेव शास्त्री
(स) सीताराम चतुर्वेदी (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

**8.** मानव की प्रगति का सर्वोपरि साधन है—
(अ) कला (ब) ज्ञान
(स) भाषा (द) शब्द। उत्तर—(स)

**9.** भाषा का ज्ञान है—
(अ) पैतृक सम्पत्ति (ब) राष्ट्रीय सम्पत्ति
(स) अर्जित सम्पत्ति (द) निजी सम्पत्ति। उत्तर—(स)

**10.** भाव एवं विचारों की अभिव्यक्ति का प्रवाह होता है—
(अ) लिखने में (ब) पढ़ने में
(स) बोलने में (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**11.** निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल॥
उपर्युक्त पंक्तियाँ किसकी कृति की हैं?
(अ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ब) मैथिलीशरण गुप्त
(स) महादेवी वर्मा (द) जयशंकर प्रसाद। उत्तर—(अ)

**12.** भारत के सन्दर्भ में हिन्दी का कौन-सा रूप प्रचलित नहीं है?
(अ) विदेशी भाषा (ब) राजभाषा
(स) संस्कृत भाषा (द) मातृभाषा। उत्तर—(अ)

**13.** निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षण सूत्र नहीं है?
(अ) मूर्त से अमूर्त (ब) अनुकरण से अभ्यास
(स) सामान्य से विशिष्ट (द) सूक्ष्म से स्थूल। उत्तर—(ब)

**14.** लिपि का सही ज्ञान एवं अभ्यास का उद्देश्य किस स्तर का है?
(अ) माध्यमिक स्तर (ब) प्रारम्भिक स्तर
(स) उच्च स्तर (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(ब)

**15.** भाषा के रूप होते हैं—
(अ) तीन (ब) चार
(स) दो (द) सात। उत्तर—(अ)

**16.** भाषा शिक्षण के सिद्धान्त हैं—
(अ) रुचि का सिद्धान्त (ब) क्रियाशीलता का सिद्धान्त
(स) अभ्यास का सिद्धान्त (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**17.** भाषा शिक्षण का उद्देश्य है—
(अ) सृजन (ब) विकास
(स) ग्राह्यता (द) प्रदर्शन। उत्तर—(ब)

**18.** मातृभाषा का मुख्य उद्देश्य है—
(अ) मानसिक विकास (ब) शारीरिक विकास
(स) बौद्धिक विकास (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**19.** भाषा और लिपि के बीच—
(अ) कोई निश्चित सम्बन्ध नहीं होता है
(ब) एक निश्चित सम्बन्ध होता है
(स) कोई सम्बन्ध होता ही नहीं है
(द) एक तार्किक सम्बन्ध होता है। उत्तर—(ब)

**20.** हिन्दी शिक्षण के उद्देश्य होते हैं—
(अ) सामान्य (ब) विशिष्ट
(स) सामान्य और विशिष्ट (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

**21.** भाषा को बोलने में किसका प्रयोग किया जाता है?
(अ) ध्वनियों का (ब) लिपि का
(स) 'अ' एवं 'ब' दोनों का (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

**22.** वर्ण—
(अ) ध्वनियाँ हैं (ब) स्वर हैं
(स) व्यंजन हैं (द) उच्चारण हैं। उत्तर—(अ)

**23.** माध्यमिक स्तर पर कितनी भाषाओं के अध्ययन को अनिवार्य किया गया है?
(अ) 1 (ब) 2
(स) 3 (द) 5. उत्तर—(ब)

**24.** भाषा—
*(अ) बोधगम्य होती है* (ब) जड़ होती है
*(स) विकासोन्मुखी होती है* (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(अ)

**25.** 'हिन्दी भाषा के प्रति रुचि उत्पन्न करना' यह उद्देश्य है—
(अ) उच्च स्तर के छात्रों के लिए (ब) माध्यमिक स्तर के छात्रों के लिए
(स) प्राथमिक स्तर के छात्रों के लिए
(द) जूनियर स्तर के छात्रों के लिए। उत्तर—(ब)



**26.** 'अनुवाद करके अपने शब्दों में लिखना'—किस पक्ष के अन्तर्गत आता है?
(अ) ज्ञान (ब) बोध
(स) प्रयोग (द) शोध। उत्तर—(ब)

**27.** ब्लूम के अनुसार सीखने के उद्देश्य हैं—
(अ) 1 (ब) 3
(स) 2 (द) 4. उत्तर—(ब)

**28.** संश्लेषण करना उद्देश्य के अन्तर्गत आता है—
(अ) ज्ञान (ब) बोध
(स) प्रयोग (द) सृजनात्मक। उत्तर—(ब)

**29.** भाषा सीखना मात्र सीखना नहीं है—
(अ) कविता (ब) कहानी
(स) निबन्ध (द) व्याकरण। उत्तर—(द)

**30.** भाषा सीखने हेतु कौशलों में दक्षता आवश्यक है—
(अ) 1 (ब) 2
(स) 3 (द) 4. उत्तर—(द)

**31.** वार्तालाप की कुशलता के आधार हैं—
(अ) बल (ब) गति
(स) शुद्ध उच्चारण (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**32.** मौखिक अभिव्यक्ति के विकास के साधन हैं—
(अ) प्रश्नोत्तर (ब) कहानी
(स) चित्र वर्णन (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**33.** लिखते समय कॉपी को आँखों से दूरी पर रखनी चाहिए—
(अ) 1 (ब) 2 (स) 3 (द) 4. उत्तर—(*)

**नोट**—लिखते समय आँखों व कॉपी की दूरी 25-30 सेमी होनी चाहिए।

**34.** अक्षरों का अंग ठीक अनुपात में होना चाहिए—
(अ) लिखित भाषा (ब) मौखिक भाषा
(स) अशाब्दिक भाषा
(द) मौखिक और अशाब्दिक भाषा। उत्तर—(अ)

**35.** किसी लेख का अनुकरण करना है—
(अ) श्रुतलेख (ब) प्रतिलेख
(स) अनुलेख (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**36.** लिखते समय पृष्ठ पर हाशिया छोड़ना चाहिए—
(अ) बायीं ओर (ब) दाहिने ओर
(स) बायीं और दाहिने दोनों ओर
(द) पृष्ठ के किसी भी भाग पर। उत्तर—(अ)

**37.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद के अनुसार हिन्दी हमारे देश की राजभाषा है—
(अ) 343 (1) (ब) 343 (2)
(स) 443 (3) (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

**38.** संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि होगी—
(अ) देवनागरी (ब) संस्कृत
(स) प्राकृत (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(अ)

**39.** हिन्दी भाषा के प्रसार एवं विकास हेतु विशेष निर्देश किस अनुच्छेद में दिए गए?
(अ) 350 (ब) 351 (स) 352 (द) 353. उत्तर—(ब)

40. 'हिन्दी जन-जन की भाषा है' हिन्दी को राजभाषा के रूप में दर्जा दिया गया—
(अ) 14 सितम्बर, 1948 (ब) 14 सितम्बर, 1949
(स) 14 सितम्बर, 1950 (द) 14 सितम्बर, 1951. उत्तर—(ब)

41. प्राथमिक स्तर पर शिक्षा मुख्यत: भाषा शिक्षा द्वारा ही प्रदान की जाए। इस हेतु—
(अ) बच्चों को अनेक भाषाएँ सीखनी चाहिए
(ब) बच्चों को केवल भाषा की शिक्षा दी जाए
(स) बच्चों के भाषा विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए
(द) बच्चों को केवल सचेत किया जाए। उत्तर—(स)

42. भाषा सीखने-सिखाने के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सही नहीं है?
(अ) भाषा अर्जित करना सरल होता है
(ब) भाषा वातावरण से सीखी जाती है
(स) भाषा विद्यालय में ही अर्जित की जा सकती है
(द) संचार माध्यम भाषा सीखने में सहायता करते हैं। उत्तर—(स)

43. लेखन कौशल में कौन-सा पक्ष सबसे कम महत्वपूर्ण है?
(अ) सुन्दर लेखन अभ्यास (ब) लिखित कार्य पर शिक्षक की प्रतिक्रिया
(स) अनुभवों की लिखित अभिव्यक्ति (द) प्रिंट समृद्ध वातावरण। उत्तर—(द)

44. कविता शिक्षण में कौन-सा तत्व उसे गद्य से अलग करता है?
(अ) भाषा सौष्ठव की महत्ता (ब) शब्द भण्डार में वृद्धि
(स) बोधगम्यता (द) लयात्मकता। उत्तर—(द)

45. पढ़ना कौशल में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है—
(अ) अर्थ ग्रहण करना (ब) द्रुत गति से पढ़ना
(स) शब्दोच्चारण (द) मात्राओं का ज्ञान। उत्तर—(*)

नोट—'अ' एवं 'स' दोनों।

46. किस विधा के शिक्षण में मौन वाचन प्रभावकारी होता है?
(अ) निबन्ध (ब) कविता
(स) कहानी (द) नाटक। उत्तर—(अ)

47. वार्तालाप मुख्यत:—
(अ) अनुशासनहीनता को बढ़ावा देता है
(ब) सुनने और बोलने की क्षमता में सहायक है
(स) पढ़ने-लिखने में सहायक है (द) समय की बर्बादी है। उत्तर—(ब)

48. मौन पाठ में मुख्यत:—
(अ) तेज गति से पाठ पढ़ा जाता है
(ब) गहन अर्थ को आत्मसात करने का प्रयास किया जाता है
(स) शब्दोच्चारण पर ध्यान दिया जाता है
(द) शुद्ध वर्तनी का प्रयोग किया जाता है। उत्तर—(ब)

49. अल्पविराम का चिह्न होता है—
(अ) '?' (ब) ';' (स) ',' (द) '।'. उत्तर—(स)

50. गद्य शिक्षण की विधि नहीं है—
(अ) अर्थकथन विधि (ब) व्याख्या विधि
(स) गीत विधि (द) प्रश्नोत्तर विधि। उत्तर—(स)

51. व्याकरण को शब्दानुशासन किसने कहा?
(अ) वेदव्यास (ब) भोलानाथ तिवारी
(स) अरविन्द घोष (द) महर्षि पतंजलि। उत्तर—(द)



52. नाटक शिक्षण की प्रणाली नहीं है—
(अ) व्याख्या प्रणाली (ब) अभिनय प्रणाली
(स) रंगमंच प्रणाली (द) शब्द व्याख्या प्रणाली। उत्तर—(द)

53. राष्ट्रीय ज्ञान आयोग ने व्यावसायिक शिक्षा के स्थान पर किस शब्द के प्रयोग की सिफारिश की है?
(अ) कौशल शिक्षा (ब) कौशल विकास
(स) व्यावहारिक प्रशिक्षण (द) तकनीकी प्रशिक्षण। उत्तर—(ब)

54. शिक्षा का मूल अधिकार अधिनियम (Act) किस वर्ष से लागू किया गया है?
(अ) 2009 (ब) 2010
(स) 2011 (द) 2012. उत्तर—(ब)

55. ज्ञानात्मक उद्देश्य कितने प्रकार के होते हैं?
(अ) दो (ब) चार
(स) छ: (द) सात। उत्तर—(स)

56. कहानियाँ बच्चों के भाषा विकास में किस प्रकार सहायक होती हैं?
(अ) ये केवल नियम सिखाती हैं
(ब) समय का सदुपयोग करती हैं
(स) कल्पनाशक्ति, चिन्तन एवं सृजनात्मकता बढ़ाती हैं
(द) पाठ्य-पुस्तक का महत्वपूर्ण अंग हैं। उत्तर—(स)

57. उद्दीपन परिवर्तन कौशल के घटक हैं—
(अ) शरीर संचालन (ब) हावभाव
(स) स्वर में उतार-चढ़ाव (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

58. संक्षिप्त विषय-वस्तु का शिक्षण कहलाता है—
(अ) सूक्ष्म शिक्षण (ब) तकनीकी शिक्षण
(स) व्यावहारिक शिक्षण (द) कौशल शिक्षण। उत्तर—(अ)

59. भाव सौन्दर्यानुभूति का रसास्वादन किया जाता है—
(अ) नाटक (ब) कथा
(स) कविता (द) कहानी। उत्तर—(स)

60. 'नियम-उदाहरण' विधि कहते हैं—
(अ) आगमन विधि (ब) निगमन विधि
(स) सह-सम्बन्ध विधि (द) अभ्यास विधि। उत्तर—(ब)

61. साहित्य की विधा नहीं है—
(अ) जीवनी (ब) आत्मकथाएँ
(स) लेख (द) चित्राकृति। उत्तर—(द)

62. गद्य शिक्षण की प्रमुख विधि है—
(अ) अर्थकथन विधि (ब) प्रश्नोत्तर विधि
(स) समीक्षा विधि (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(अ)

63. गद्य शिक्षण में सबसे महत्वपूर्ण है—
(अ) सस्वर पाठ (ब) रसानुभूति
(स) मौन पाठ (द) आदर्श वाचन। उत्तर—(द)

64. काव्य शिक्षण में सबसे महत्वपूर्ण है—
(अ) सौन्दर्यानुभूति (ब) भाव विश्लेषण
(स) मौन पाठ (द) आदर्श वाचन।

65. भाषा में मुहावरों और कहावतों का प्रयोग किया जाता है क्योंकि इससे—
(अ) भाषा की समृद्धि होती है
(ब) अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास होता है
(स) भाषा में लाक्षणिक सजीवता आती है
(द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

66. द्रुत पाठ की विधि को कहते हैं—
(अ) उपचारी विधि (ब) स्वत: अध्ययन विधि
(स) संक्षेपीकरण विधि (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(ब)

67. पाठ्य-पुस्तकों का उपयोग करते हैं—
(अ) छात्र (ब) शिक्षक
(स) 'अ' एवं 'ब' दोनों (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

68. प्रत्येक पाठ्य-पुस्तक के सम्बन्ध में सर्वोत्कृष्ट के लिए अंक निर्धारित किए जाते हैं—
(अ) 1 (ब) 3
(स) 5 (द) 7. उत्तर—(*)

69. "ज्ञान किसी की बपौती नहीं है, उसका माध्यम केवल पुस्तक है।" किसने कहा?
(अ) स्वामी विवेकानन्द (ब) डॉ. लक्ष्मणस्वामी मुदालियर
(स) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् (द) अरविन्द घोष। उत्तर—(स)

70. कक्षा 8 के लिए पाठ्य-पुस्तक का निर्माण करते समय आवश्यक है कि उसमें—
(अ) प्रसिद्ध लेखकों की रचनाएँ होनी चाहिए
(ब) पाठों की संख्या असीमित होनी चाहिए
(स) विधागत विविधता होनी चाहिए
(द) पृष्ठ संख्या पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उत्तर—(स)

71. अच्छी पाठ्य-पुस्तक आवश्यक है जिसमें—
(अ) उपयुक्त विषय-सामग्री होती है
(ब) भाषा व शब्दावली का प्रयोग सतर्कता से किया जाता है
(स) अभ्यास के लिए प्रश्न होते हैं (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

72. भाषा की पढ़ाई—
(अ) पाठ्यक्रम का मात्र एक हिस्सा है
(ब) पाठ्य-पुस्तक से ही सम्भव है
(स) बेहद जटिल एवं संवेदनशील है
(द) समूची पाठ्यचर्या में व्याप्त है। उत्तर—(द)

73. अध्यापक के कार्य को नियमित, नियोजित और व्यवस्थित करती है—
(अ) शिक्षण कौशल (ब) पाठ-योजना
(स) शिक्षण विधियाँ (द) पाठ्य-पुस्तक। उत्तर—(ब)

74. किसने कहा—"जो योजना प्रत्यक्ष रूप से स्थिति के अनुकूल नहीं है, उसे प्रयोग करना भारी भूल है"?
(अ) रायबर्न (ब) जॉन डीवी
(स) मरसेल (द) योकम व सिम्पसन। उत्तर—(अ)

75. पाठ का शीर्षक कहाँ लिखा जाता है?
(अ) कक्षा के आगे (ब) प्रस्तावना से पहले
(स) [illegible] (द) प्रकरण के आगे। उत्तर—(द)



76. "पाठ-योजना के दो महान लाभ हैं। यह उत्तम शिक्षण में योग देती है और उत्तम शिक्षक का निर्माण करती है।" किसका कथन है?
(अ) मरसेल (ब) रूसो
(स) सिम्पसन (द) हरबार्ट। उत्तर—(अ)

77. इकाई योजना के सोपान हैं—
(अ) सामान्य उद्देश्यों का चयन (ब) विशिष्ट उद्देश्यों का चयन
(स) उपयुक्त छात्र क्रियाओं का चयन (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

78. 'पंचपदीय प्रणाली' के नाम से विख्यात हैं—
(अ) ब्लूम (ब) स्किनर
(स) हरबार्ट (द) पेस्टालॉजी। उत्तर—(स)

79. दृश्य-श्रव्य सहायक सामग्री को श्रेणियों में बाँटा जा सकता है—
(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) चार। उत्तर—(स)

80. जहाँ विद्यार्थी विभिन्न प्रकार के अभ्यास द्वारा भाषा सीखते हैं, वह है—
(अ) कार्यशाला (ब) भाषा प्रयोगशाला
(स) शुद्ध उच्चारण (द) रिकॉर्डिंग। उत्तर—(ब)

81. "एक बार देखना सौ बार बताने से अच्छा है" इससे तात्पर्य है—
(अ) श्रव्य सामग्री (ब) दृश्य सामग्री
(स) दृश्य-श्रव्य सामग्री (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(ब)

82. चित्र एवं मानचित्र सहायक सामग्री है—
(अ) श्रव्य (ब) दृश्य
(स) दृश्य-श्रव्य (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(ब)

83. दृश्य-श्रव्य साधन होने चाहिए—
(अ) सुन्दर (ब) रुचिकर
(स) प्रकरण से सम्बन्धित (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

84. मैजिक लैन्टर्न कहते हैं—
(अ) चित्र विस्तारक (ब) फलालेन बोर्ड
(स) मूकचित्र (द) प्रतिमूर्तियाँ। उत्तर—(अ)

85. बालकों में रटने की प्रवृत्ति कम होती है—
(अ) पाठ्य-पुस्तक के प्रयोग से (ब) दृश्य-श्रव्य साधनों के प्रयोग से
(स) पढ़ने की पुनरावृत्ति से (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(ब)

86. मातृभाषा शिक्षण के लिए दृश्य-श्रव्य साधनों का उपयोग किया जाता है—
(अ) साहित्य में रुचि उत्पन्न करने के लिए
(ब) छात्रों में सृजनात्मक शक्ति का विकास करने के लिए
(स) छात्रों की स्मरण एवं तर्क शक्ति का विकास करने के लिए
(द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

87. भाषा प्रयोग की कुशलता सम्भव है—
(अ) भाषा की पाठ्य-पुस्तक पढ़ने से (ब) केवल भाषा सुनने से
(स) भाषा प्रयोग से (द) साहित्य पढ़ने से। उत्तर—(स)

88. पढ़ने की कुशलता विकसित करने के लिए आवश्यक है कि—
(अ) पदों की पुनरावृत्ति की जाए (ब) शैक्षिक भ्रमण किया जाए
(स) द्रुत वाचन किया जाए
(द) बालकों को शिक्षण सहायक सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

89. निम्न में से कौन-सी आधुनिक सामग्री है?
(अ) मोबाइल (ब) कम्प्यूटर
(स) एलसीडी प्रोजेक्टर (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

90. आई.सी.टी. महत्वपूर्ण है—
(अ) शिक्षकों को तकनीकी प्रशिक्षण देने हेतु
(ब) शिक्षकों को व्यावसायिक विकास के अवसर देने हेतु
(स) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को सुगमता हेतु
(द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(स)

91. निदान का अर्थ होता है—
(अ) सीखने सम्बन्धी कठिनाइयों का पता लगाना
(ब) विषय सम्बन्धी कठिनाइयों का पता लगाना
(स) लक्षणों के आधार पर कठिनाइयों का पता लगाना
(द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

92. उचित गति व आरोह-अवरोह के शुद्ध उच्चारण का मूल्यांकन होता है—
(अ) मौखिक परीक्षा द्वारा (ब) लिखित परीक्षा द्वारा
(स) प्रायोगिक परीक्षा द्वारा (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(अ)

93. जो प्रश्न निश्चित, स्पष्ट और संक्षिप्त होते हैं, वह—
(अ) निबन्धात्मक परीक्षा के अन्तर्गत आते हैं
(ब) वस्तुनिष्ठ परीक्षा के अन्तर्गत आते हैं
(स) लघु उत्तरीय परीक्षा के अन्तर्गत आते हैं
(द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(ब)

94. भाषा तथा लेख का प्रभाव पड़ता है—
(अ) निबन्धात्मक परीक्षा में (ब) लघु उत्तरीय परीक्षा में
(स) अति लघु उत्तरीय परीक्षा में (द) वस्तुनिष्ठ परीक्षा में। उत्तर—(अ)

95. उपचारात्मक हिन्दी शिक्षण हेतु प्रयुक्त कीजिए—
(अ) मानदण्ड परीक्षण (ब) उद्देश्य-केन्द्रित परीक्षण
(स) निदानात्मक परीक्षण (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(स)

96. उच्च स्तर के उद्देश्यों के मूल्यांकन हेतु किस प्रकार की परीक्षा उचित है?
(अ) निबन्धात्मक परीक्षा (ब) वस्तुनिष्ठ परीक्षा
(स) निदानात्मक परीक्षण (द) उपचारात्मक परीक्षण। उत्तर—(*)

97. हिन्दी भाषा में सतत् मूल्यांकन करते समय किस बात पर विशेष ध्यान देंगे?
(अ) शुद्ध वर्तनी (ब) शुद्ध उच्चारण
(स) भाषा-प्रयोग की कुशलता (द) श्रवण कौशल। उत्तर—(स)

98. निदानात्मक परीक्षण प्रयोग किया जाता है—
(अ) कमजोर बालक हेतु (ब) मानसिक मन्दित बालक हेतु
(स) विशिष्ट बालक हेतु (द) प्रतिभाशाली बालक हेतु। उत्तर—(अ)

99. मूल्यांकन प्रक्रिया के आधार पर पाठ-योजना के संकेत हैं—
(अ) पाठ्यवस्तु एवं प्रमुख विचार (ब) शिक्षक के कार्य
(स) सहायक सामग्री (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(अ)

100. 'गीतांजलि' की रचना किसने की थी। यह प्रश्न कौन-सी परीक्षा का रूप है?
(अ) प्रत्यास्मरण रूप (ब) अभिज्ञान रूप
(स) वर्गीकरण रूप (द) बहुनिर्वचन रूप। उत्तर—(अ)

# B.Ed. I Year (Batch 2022-24) Examination, 2023

(Main & Ex-Students)

Paper-Code–BD-106(D)(i) (New Course)

## Pedagogy of Languages Hindi

**1. प्राप्य उद्देश्य होते हैं—**
(अ) सामान्य (ब) विस्तृत
(स) समग्र (द) निश्चयात्मक। उत्तर—(स)

**2. भाषा शिक्षण में श्रव्य-दृश्य साधनों के प्रयोग का मुख्य उद्देश्य है—**
(अ) शिक्षण में विभिन्नता लाना (ब) छात्रों की ज्ञानेन्द्रियों को सक्रिय बनाना
(स) पाठ का निर्माण करना (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(ब)

**3. अच्छे हिन्दी परीक्षण की एक कसौटी है—**
(अ) वर्गीकरण (ब) विभागीकरण
(स) वैधता (द) तकनीकी। उत्तर—(स)

**4. एक अच्छा प्रश्न कैसा होना चाहिए?**
(अ) प्रासंगिक और सूक्ष्म (ब) कठिन
(स) विस्तृत (द) अस्पष्ट। उत्तर—(अ)

**5. मूल्यांकन की कौन-सी एक विधि नहीं है?**
(अ) साक्षात्कार (ब) प्रश्नावली
(स) निरीक्षण (द) विश्लेषण। उत्तर—(द)

**6. उद्देश्यों एवं प्राप्य उद्देश्यों में—**
(अ) कोई अन्तर नहीं होता है (ब) अन्तर होता है
(स) उद्देश्य विस्तृत होते हैं (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(द)

**7. त्रिभाषा-सूत्र सर्वप्रथम किसने तैयार किया था?**
(अ) कोठारी आयोग (ब) मुदालियर आयोग
(स) केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार परिषद् (द) नयी शिक्षा नीति। उत्तर—(अ)

**8. उपचारात्मक शिक्षण के क्षेत्र में.............नहीं है।**
(अ) वाचन (ब) लेखन
(स) अंकगणित (द) निरीक्षण। उत्तर—(स)

**9. समरूप परीक्षण को निम्नलिखित में से क्या कहते हैं?**
(अ) सत्यासत्य परीक्षण (ब) मिलान परीक्षण
(स) पूर्ति परीक्षण (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(द)

**10. प्रस्तावना प्रश्न पूछने के.............प्रकरण लिखा जाता है।**
(अ) पहले (ब) बाद में
(स) सबसे पहले (द) सबके बाद। उत्तर—(ब)

**11. "बचाव निदान का उच्चतम स्तर है।" यह कथन किसका है?**
(अ) रॉस (ब) स्किनर
(स) गुड (द) टी.पी. नन
(द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(*)

नोट—उपर्युक्त कथन टी.पी. नन का है।

**12. मूल्यांकन के ज्ञानात्मक पक्ष के अन्तर्गत कौन-सा तत्त्व नहीं आता है?**
(अ) अनुप्रयोग (ब) विश्लेषण
(स) बोध (द) नियमितीकरण। उत्तर—(द)

13. कोठारी आयोग की नियुक्ति कब हुई?
(अ) 15 जुलाई, 1964 (ब) 15 जुलाई, 1965
(स) 14 जुलाई, 1964 (द) 15 जुलाई, 1966. उत्तर—(अ)

14. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) स्वतन्त्र भारत की कौन-सी नीति है?
(अ) प्रथम (ब) द्वितीय
(स) तृतीय (द) चतुर्थ। उत्तर—(स)

15. मौखिक मूल्यांकन में............मूल्यांकन होता है।
(अ) छात्रों की शाब्दिक अभिव्यक्ति का
(ब) छात्रों के विचार व दृष्टिकोण की योग्यता का
(स) भाषा प्रवाह व तार्किक शक्ति का
(द) उपर्युक्त सभी का। उत्तर—(द)

16. हिन्दी वर्तनी का मानवीकरण किस वर्ष प्रकाशित हुआ?
(अ) 1968 (ब) 1965
(स) 1966 (द) 1967. उत्तर—(द)

17. अनुच्छेद 351 का निर्माण राजभाषा हिन्दी के लिए किस सन्दर्भ में किया गया?
(अ) अंग्रेजी को सह भाषा बनाने के लिए
(ब) हिन्दी के विकास के लिए
(स) अनुच्छेदों की व्याख्या के लिए (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(ब)

18. हिन्दी भाषा के विविध रूपों से परिचित कराने में सबसे अधिक सहायक है—
(अ) हिन्दी भाषा का साहित्य व अन्य मुद्रित सामग्री
(ब) हिन्दी भाषा की पुस्तकें व विज्ञापन
(स) हिन्दी भाषा के समाचार-पत्र व पत्रिकाएँ
(द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ

19. विचार-विश्लेषण का अन्तिम सोपान है—
(अ) बोधात्मक प्रश्न (ब) गृहकार्य
(स) पूर्वज्ञान (द) कक्षाकार्य। उत्तर—(अ

20. व्याकरण शिक्षण की कौन-सी विधि अमनोवैज्ञानिक मानी जाती है?
(अ) सूत्र विधि (ब) आगमन विधि
(स) भाषा संसर्ग (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(ब

21. संवाद द्वारा प्रदान किए कौशल............हैं।
(अ) पढ़ना, सुनना, बोलना और लिखना
(ब) मदद करना और बोलना
(स) सुनना और मदद करना (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ

22. हिन्दी भाषा खेल इनमें से कौन-सा नहीं है?
(अ) अन्ताक्षरी (ब) भाषण
(स) पहेली (द) मेला। उत्तर—(ब

23. शिक्षण के तीन बिन्दु कौन-से हैं?
(अ) योजना, पाठ, कार्य (ब) शिक्षक, शिक्षार्थी, पाठ्यवस्तु
(स) बल, कार्य, शिक्षक (द) पाठ्यचर्या, पक्ष, वार्तालाप। उत्तर—(ब

24. अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय भारत में कहाँ है?
(अ) पंजाब (ब) मंगलुरु
(स) वर्धा (द) सागर। उत्तर—(स



25. हिन्दी के अशुद्ध उच्चारण को शुद्ध करने में किससे मदद मिलती है?
(अ) लिंग्वाफोन (ब) श्यामपट्ट
(स) बुलेटिन बोर्ड (द) चार्ट। उत्तर—(अ)

26. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित देवनागरी लिपि सुधार समिति के अध्यक्ष कौन थे?
(अ) गोविन्द रानाडे (ब) गुलाब राय
(स) आचार्य नरेन्द्र देव (द) विनोबा भावे। उत्तर—(स)

27. भारतीय संविधान में किन अनुच्छेदों में राजभाषा से सम्बन्धित नियमों का उल्लेख है?
(अ) 343-351 (ब) 351-434
(स) 431-435 (द) 153-443. उत्तर—(अ)

28. बोली गई बात और सुनकर समझी गयी बात को कहते हैं—
(अ) पंजाबी भाषा (ब) बंगाली भाषा
(स) मौखिक भाषा (द) तमिल भाषा। उत्तर—(स)

29. प्राण के आधार पर व्यंजन के भेद—
(अ) एक (ब) तीन
(स) दो (द) पाँच। उत्तर—(ब)

30. सुलेख के लिए आवश्यक बातें—
(अ) बैठने का आसन (ब) लेखन सामग्री
(स) अक्षरों की बनावट (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

31. भाषा—
(अ) विचार-विनिमय का एक साधन है
(ब) एक व्यवस्था है
(स) अनुकरण द्वारा सीखी जाती है (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(अ)

32. वर्तमान में अन्तर्राष्ट्रीय भाषा............है।
(अ) अंग्रेजी (ब) हिन्दी
(स) चीनी (द) गुजराती। उत्तर—(अ)

33. ध्वनियों के कितने वर्ग हैं?
(अ) दो (ब) आठ
(स) नौ (द) एक। उत्तर—(स)

34. व्युत्पत्ति के आधार पर शब्द भेद—
(अ) यौगिक (ब) रूढ़
(स) योग रूढ़ (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

35. रसानुभूति का सम्बन्ध.........से होता है।
(अ) व्याकरण (ब) निबन्ध
(स) कविता (द) कहानी। उत्तर—(स)

36. पाठ्य-पुस्तकें होती हैं—
(अ) ज्ञान का भण्डार (ब) शिक्षक की पथ-प्रदर्शिका
(स) विद्यार्थी का धन (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(अ)

37. पाठ्य-पुस्तकें शिक्षण के लक्ष्य की पूर्ति का.........मात्र हैं।
(अ) साधन (ब) सघन
(स) सबन (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

38. पाठ्य-पुस्तकों के गुणों को.........दृष्टियों से देखा जा सकता है?
(अ) आठ (ब) बारह
(स) दो (द) सात। उत्तर—(अ)

39. भूल चिह्न होता है—
(अ) । (ब) ,
(स) ^ (द) ( )। उत्तर—(स)

40. मूल शब्द के अन्त में जो शब्दांश जुड़कर एक नये पद का सृजन करते हैं, उन्हें.........कहते हैं।
(अ) उपसर्ग (ब) प्रत्यय
(स) सन्धि (द) समास। उत्तर—(अ)

41. मानव के विचार अभिव्यक्ति का प्रमुख साधन है—
(अ) ज्ञान (ब) भाषा
(स) शब्द (द) स्मरण। उत्तर—(ब)

42. "भाषा स्वेच्छागत वाक्-प्रतीकों की वह प्रणाली है, जिसके द्वारा सामाजिक समूह परस्पर संगठित रहता है।" यह किसका कथन है?
(अ) डॉ. प्रभुदयाल शास्त्री (ब) सीताराम चतुर्वेदी
(स) बर्नार्ड ब्लाक एवं जॉर्ज ट्रैगर (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

43. राष्ट्रीय चेतना के कवि हैं—
(अ) दिनकर (ब) मुक्तिबोध
(स) निराला (द) पन्त। उत्तर—(अ)

44. 'कामायनी' के रचयिता हैं—
(अ) निराला (ब) जयशंकर प्रसाद
(स) दिनकर (द) महादेवी वर्मा। उत्तर—(ब)

45. सम्बोधन बोधक—
(अ) हे! (ब) रे!
(स) अरे! (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

46. लिखाई, पढ़ाई की अपेक्षा सरल है, इस मत को मानने वाली.........हैं।
(अ) महादेवी वर्मा (ब) सरोजिनी नायडू
(स) मैडम मॉण्टेसरी (द) विजयलक्ष्मी पंडित। उत्तर—(स)

47. प्राथमिक स्तर पर भाषा-शिक्षण के उद्देश्य होंगे—
(अ) छात्रों की उच्चारण शक्ति का विकास करना
(ब) छात्रों को व्याकरण के सामान्य नियमों से परिचित कराना
(स) छात्रों के शब्द भण्डार में वृद्धि करना
(द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(अ)

48. अंग्रेजी पढ़िके जदपि, सब गुण होत प्रवीन।
पै निज भाषा ज्ञान बिन, रहत हीन के हीन॥
उपर्युक्त पंक्तियाँ किसकी कथनी है?
(अ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ब) मैथिलीशरण गुप्त
(स) जयशंकर प्रसाद (द) पन्त। उत्तर—(अ)



49. भाषा की सबसे छोटी इकाई.........है।
(अ) कहानी (ब) वर्ण
(स) निबन्ध (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(ब)

50. देवनागरी लिपि की उत्पत्ति.........से हुई है।
(अ) पालि (ब) संस्कृत
(स) ब्राह्मी (द) गुजराती। उत्तर—(स)

51. देवनागरी में कितने अंक होते हैं?
(अ) दस (ब) अठारह
(स) पच्चीस (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

52. हिन्दी भाषा में मुख्य रूप से कितने स्वर होते हैं?
(अ) ग्यारह (ब) सत्रह
(स) आठ (द) दस। उत्तर—(अ)

53. हिन्दी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव संविधान सभा में किसने रखा?
(अ) मुदालियर (ब) कोठारी
(स) गोपाल स्वामी आयंगर (द) राधाकृष्णन्। उत्तर—(स)

54. शिक्षा के क्षेत्र में त्रिभाषा सूत्र का सुझाव किसने दिया था?
(अ) नरेन्द्र देव (ब) कोठारी आयोग
(स) राधाकृष्णन् (द) हुमायूँ कबीर। उत्तर—(स)

55. भाषा के सीखने व सिखाने में सहायक तत्त्व हैं—
(अ) व्याकरण और लिपि (ब) अनुकरण व अभ्यास
(स) मौखिक और लिखित (द) पढ़ना और पढ़ाना। उत्तर—(ब)

56. संविधान की धारा 343 में किस राजभाषा की लिपि को मान्यता दी गई?
(अ) हिन्दी देवनागरी (ब) गुजराती मराठी
(स) बंगाली अंग्रेजी (द) कन्नड़ तमिल। उत्तर—(अ)

57. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2005 मुख्यत: किस पर आधारित है?
(अ) मानवतावाद (ब) आदर्शवाद
(स) व्यवहारवाद (द) सामाजिक संरचनावाद। उत्तर—(द)

58. बच्चा सर्वप्रथम अपनी.........सीखता है।
(अ) मातृभाषा (ब) प्रान्तीय भाषा
(स) क्षेत्रीय भाषा (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

59. भाषा शिक्षण के कक्षा अध्यापन के सिद्धान्त हैं—
(अ) चयन का सिद्धान्त (ब) नियोजन का सिद्धान्त
(स) उत्प्रेरणा का सिद्धान्त (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

60. भाषा शिक्षण सूत्र निम्नलिखित में से कौन-सा नहीं है?
(अ) ज्ञात से अज्ञात की ओर (ब) पूर्ण से अंश की ओर
(स) सरल से जटिल की ओर (द) रुचि से अरुचि की ओर। उत्तर—(द)

61. क्ष, त्र, ज्ञ, श्र.........हैं।
(अ) संयुक्त व्यंजन (ब) स्वर
(स) व्यंजन (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

62. शब्दों के सार्थक समूह को ………… कहते हैं।
(अ) वर्ण (ब) शब्द
(स) वाक्य (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

63. निम्नलिखित में से कौन-सा एक भाषा का अंग नहीं है?
(अ) पठन (ब) ध्वनि
(स) रूप (द) व्याख्या। उत्तर—(अ)

64. सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन, मूल्यांकन के ………… रूप से सम्बन्धित हैं।
(अ) रचनात्मक, निदानात्मक (ब) निदानात्मक, उपचारात्मक
(स) योगात्मक, रचनात्मक (द) उपचारात्मक, योगात्मक। उत्तर—(ब)

65. हिन्दी भाषा मूल्यांकन के कितने उद्देश्य होते हैं?
(अ) छः (ब) बारह
(स) आठ (द) नौ। उत्तर—(स)

66. हिन्दी भाषा मूल्यांकन की उपयोगिता है—
(अ) कठिनाई स्तर जानने में (ब) छात्रों की कक्षा में उपस्थिति जानने में
(स) वर्गीकरण करने में (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

67. शिक्षक प्रशिक्षण में हर्बर्ट की ………… के आधार पर ही प्रशिक्षण दिया जाता है।
(अ) चतुर्थपदी (ब) नवपदी
(स) सप्तपदी (द) पंचपदी। उत्तर—(द)

68. पाठ प्रस्तावना का मुख्य उद्देश्य—
(अ) विद्यार्थियों को नई बात बताने से पूर्व उसे नई बात सीखने के लिए तैयार करना
(ब) पुरानी बात बताने से पहले नयी बात बताना
(स) नवार्जित ज्ञान देना (द) प्रस्तुतीकरण करना। उत्तर—(अ)

69. किसी पाठ को पढ़ाने का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यवहार में एक ………… ।
(अ) रचनात्मक, धनात्मक परिवर्तन लाना
(ब) धनात्मक, ऋणात्मक परिवर्तन लाना
(स) ऋणात्मक, गुणात्मक परिवर्तन लाना
(द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

70. अनुकरण वाचन ………… किया जाता है।
(अ) छात्रों द्वारा (ब) शिक्षक द्वारा
(स) अध्यापिका द्वारा (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(ब)

71. कला पक्ष और भाव पक्ष किस विधा में आते हैं?
(अ) गद्य (ब) पद्य
(स) कहानी (द) नाटक। उत्तर—(अ)

72. निबन्धात्मक परीक्षण के कितने प्रकार होते हैं?
(अ) दो (ब) सात
(स) नौ (द) अठारह। उत्तर—(स)

73. काव्य के मुख्यतः तत्त्व हैं—
(अ) बुद्धि (ब) कल्पना
(स) राग (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

74. कविता शिक्षण की गीत विधि किस शिक्षण स्तर पर पढ़ाने के लिए उपयुक्त है?
(अ) उच्च स्तर (ब) माध्यमिक स्तर
(स) प्राथमिक स्तर (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)



75. "कहानी एक छोटी गद्य रचना ही है।" यह कथन किसका है?
(अ) एच.जी. वेल्स का (ब) चार्ल्स बैरेट का
(स) डल का (द) प्रेमचन्द का। उत्तर—(अ)

76. भरतमुनि द्वारा रचित ग्रन्थ ………… है।
(अ) अर्थशास्त्र (ब) नाट्यशास्त्र
(स) समाजशास्त्र (द) राजनीति शास्त्र। उत्तर—(ब)

77. आधुनिक युग में शिक्षण सहायक सामग्री के कौन-से साधन नहीं हैं?
(अ) टेलीविजन (ब) मोबाइल
(स) इण्टरनेट (द) ग्रामोफोन। उत्तर—(द)

78. नाटक के कितने तत्त्व माने गए हैं?
(अ) छः तत्त्व (ब) चार तत्त्व
(स) आठ तत्त्व (द) पाँच तत्त्व। उत्तर—(ब)

79. नाटक शिक्षण की प्रमुख विधियाँ हैं—
(अ) व्याख्या विधि (ब) अभिनय विधि
(स) प्रयोग विधि (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

80. इकाई पाठ योजना बनाते समय प्रथम चरण क्या होगा?
(अ) उद्देश्य निर्धारण करना (ब) व्याख्या करना
(स) वाचन करना (द) श्रवण करना। उत्तर—(अ)

81. 'सीखना' किस क्रिया पर आधारित है?
(अ) सामाजिक क्रिया (ब) मानसिक क्रिया
(स) व्यक्तिगत क्रिया (द) आर्थिक क्रिया। उत्तर—(स)

82. प्रश्न पूछने के उद्देश्य होते हैं—
(अ) छात्रों का ध्यान पाठ की ओर केन्द्रित करना
(ब) रुचि जाग्रत करना
(स) कल्पना शक्ति का विकास करना
(द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(अ)

83. भाषा-तत्त्वों और विषयवस्तु दोनों की जानकारी किस उद्देश्य के अन्तर्गत आती है?
(अ) सृजनात्मक उद्देश्य (ब) ज्ञानात्मक उद्देश्य
(स) कौशलात्मक उद्देश्य (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

84. अर्जित ज्ञान का उपयोग अपने ही ढंग से, अच्छी तरह करने का ही नाम ………… है।
(अ) कौशल (ब) उद्देश्य
(स) दोनों 'अ' और 'ब' (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

85. शब्दार्थ, प्रणाली और व्याख्या हिन्दी की किस पाठ योजना से सम्बन्धित है?
(अ) पद्य (ब) व्याकरण
(स) गद्य (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

86. श्यामपट्ट प्रविष्टियाँ होती हैं—
(अ) दिनांक (ब) कक्षा
(स) विषय प्रकरण (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

87. चॉक, डस्टर, लपेट श्यामपट्ट ………… हैं।
(अ) सामग्री (ब) सहायक सामग्री
(स) दिखाने की सामग्री (द) रखने की सामग्री। उत्तर—(ब)

88. श्यामपट्ट शैक्षिक सामग्री है—
(अ) दृश्य सामग्री (ब) श्रव्य सामग्री
(स) सामग्री (द) रखने की सामग्री। उत्तर—(अ)

89. इकाई का तात्पर्य ज्ञानानुभव के रूप से है—
(अ) अनेकीकृत (ब) एकीकृत
(स) समानार्थक (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(द)

90. छात्रों की कठिनाई जानने के लिए आयोजित किए जाते हैं—
(अ) उपचारात्मक परीक्षण (ब) निदानात्मक परीक्षण
(स) निबन्धात्मक परीक्षण (द) वस्तुनिष्ठ परीक्षण। उत्तर—(ब)

91. मूल्यांकन होता है—
(अ) एकांगी (ब) बहुमुखी
(स) अन्तर्मुखी (द) त्रिमुखी। उत्तर—(द)

92. किस परीक्षण में प्रश्नों की रचना करना कठिन है?
(अ) निबन्धात्मक परीक्षण (ब) वस्तुनिष्ठ परीक्षण
(स) मौखिक परीक्षण (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(अ)

93. भाषा शिक्षण में छात्रों को अभिप्रेरित किया जाता है—
(अ) पुनरावृत्ति प्रश्नों द्वारा (ब) अभ्यास द्वारा
(स) गृहकार्य द्वारा (द) पुनर्बलन द्वारा। उत्तर—(ब)

94. पाठ प्रस्तावना कौशल में शिक्षक सर्वप्रथम छात्रों से किसकी जानकारी करता है?
(अ) पाठ्यक्रम की (ब) गृहकार्य की
(स) पाठ की (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

95. श्यामपट्ट पर कार्य करते समय अध्यापक को खड़ा होना चाहिए—
(अ) अपने बायें हाथ की ओर (ब) अपने दायें हाथ की ओर
(स) सीधे श्यामपट्ट की ओर
(द) श्यामपट्ट की ओर पीठ करके। उत्तर—(अ)

96. निदानात्मक कार्य क्यों किया जाता है?
(अ) प्रेरणा देने के लिए (ब) कौशल प्रदान करने के लिए
(स) मूल्यांकन करने के लिए (द) पढ़ने-लिखने के लिए। उत्तर—(स)

97. कोई भी चीज जो शिक्षा को सरल, सुगम, आकर्षक, हृदयग्राही तथा बोधगम्य बनाती है, वह कहलाती है—
(अ) शिक्षा की अनुपम देन (ब) पुस्तक
(स) सहायक सामग्री (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(स)

98. निम्नलिखित में से कौन-सी विधि अत्यन्त प्राचीन है?
(अ) प्रदर्शन विधि (ब) व्याख्यान विधि
(स) ऐतिहासिक विधि (द) पाठ्य-पुस्तक विधि। उत्तर—(स)

99. पाठ योजना के प्रारूप चयन का आधार है—
(अ) शिक्षार्थी (ब) शिक्षक की सुविधा
(स) विषय-वस्तु (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(स)

100. शिक्षा के किस स्तर पर पाठ्यक्रम सूचनात्मक एवं वर्णनात्मक होना चाहिए?
(अ) उच्च स्तर पर (ब) प्राथमिक स्तर पर
(स) माध्यमिक स्तर पर (द) उच्च माध्यमिक स्तर पर। उत्तर—(द)

## B.Ed. I Year (Batch 2023-25) Examination, 2024
### (Main & Ex-Students)
### Paper : BD-106 (D) (Optional Paper)
### हिन्दी शिक्षण

1. संविधान सभा में हिन्दी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव किसने रखा?
(अ) कन्हैया लाल मनिक लाल मुंशी (ब) गोपाल स्वामी आयंगर
(स) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (द) सी. राजगोपालाचारी। उत्तर—(ब)

2. शिक्षा में नैदानिक परीक्षण का उद्देश्य है—
(अ) छात्रों की अधिगम सम्बन्धी कठिनाइयों को पहचानना
(ब) छात्रवृत्ति के लिए पात्रता निर्धारित करना
(स) छात्रों को रैंक प्रदान करना
(द) छात्रों की उनके साथियों के साथ तुलना करना। उत्तर—(अ)

3. कोठारी आयोग की नियुक्ति कब हुई?
(अ) 14 जुलाई, 1964 (ब) 14 जुलाई, 1965
(स) 15 जुलाई, 1964 (द) 15 जुलाई, 1965. उत्तर—(अ)

4. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (NCF) 2005 की राष्ट्रीय संचालन समिति के अध्यक्ष थे—
(अ) डॉ. डी.एस. कोठारी (ब) डॉ. कृष्ण कुमार
(स) प्रो. राममूर्ति (द) प्रो. यशपाल। उत्तर—(द)

5. नाट्यशास्त्र ग्रन्थ की रचना की है—
(अ) अभिनव भरत ने (ब) भरत मुनि ने
(स) भास ने (द) विशाखादत्त ने। उत्तर—(ब)

6. भाषा सीखने का सही मनोवैज्ञानिक क्रम क्या है?
(अ) सुनना, पढ़ना, बोलना, लिखना (ब) बोलना, सुनना, पढ़ना, लिखना
(स) सुनना, पढ़ना, लिखना, बोलना (द) सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना। उत्तर—(द)

7. उपचारात्मक शिक्षण का उद्देश्य है—
(अ) नई भाषा का परिचय देना (ब) हिन्दी भाषा का मूल्यांकन करना
(स) जो छात्र कक्षा में पीछे रह गये हैं उन्हें अतिरिक्त सहायता प्रदान करना
(द) पहले से सीखी भाषा को दोबारा सिखाना। उत्तर—(स)

8. निम्नलिखित में से किस कवि को राष्ट्रकवि की उपाधि से सम्मानित किया गया?
(अ) महादेवी वर्मा (ब) जयशंकर प्रसाद
(स) मैथिलीशरण गुप्त (द) सुमित्रानन्दन पन्त। उत्तर—(स)

9. सूक्ष्म शिक्षण के सम्बन्ध में कौन-सा सत्य नहीं है?
(अ) कालांश की अवधि 5-10 मिनट की होती है
(ब) कक्षा का आकार व्यापक होता है
(स) अभ्यास की प्रक्रिया अधिक नियन्त्रित होती है
(द) शिक्षण की जटिलताएँ कम होती हैं। उत्तर—(अ)

10. किस प्रकार के प्रश्नों में परीक्षार्थी को विशिष्ट जानकारी याद रखने एवं संक्षिप्त उत्तर देने की आवश्यकता होती है?
(अ) निबन्धात्मक प्रश्न (ब) बहुविकल्पीय प्रश्न
(स) वर्गीकरण प्रश्न (द) लघु उत्तरीय प्रश्न। उत्तर—(ब)

11. "भाषा ध्वनियों द्वारा मानव के भावों की अभिव्यक्ति है।" किसका कथन है?
(अ) स्वीट (ब) क्रौंच
(स) कामता प्रसाद गुरु (द) पतंजलि। उत्तर—(अ)

12. भाषा की प्रकृति के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सही नहीं है?
(अ) भाषा अभिव्यक्ति का साधन है (ब) भाषा गतिशीलता का साधन है
(स) भाषा सूक्ष्मता से स्थूलता की ओर जाती है
(द) भाषा का सम्बन्ध परम्परा से होता है। उत्तर—(स)

13. "व्यक्ति के मानसिक विकास के लिए मातृभाषा का ज्ञान उतना ही आवश्यक है जितना कि शिशु के शारीरिक विकास के लिए माता का दूध।" यह कथन किसका है?
(अ) सीताराम चतुर्वेदी (ब) श्यामसुन्दर दास
(स) रवीन्द्र नाथ टैगोर (द) महात्मा गाँधी। उत्तर—(द)

14. निम्न में से भाषा की उत्पत्ति के सम्बन्ध में कौन-सा सिद्धान्त है?
(अ) सांकेतिक उत्पत्ति का सिद्धान्त (ब) रणन सिद्धान्त
(स) आवेग सिद्धान्त (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

15. निम्नलिखित में से कौन-सा देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता सम्बन्धी गुण नहीं है?
(अ) ध्वनि तथा वर्ण में सामंजस्य (ब) समग्र ध्वनियों की उत्पत्ति
(स) एक ध्वनि के लिए एक से अधिक संकेत
(द) असंदिग्धता। उत्तर—(द)

16. देवनागरी लिपि की उत्पत्ति हुई—
(अ) खरोष्टि लिपि (ब) ब्राह्मी लिपि
(स) कुटिल लिपि (द) शारदा लिपि। उत्तर—(ब)

17. हिन्दी वर्णमाला के कौन-से वर्ग का उच्चारण स्थल मूर्द्धन्य है?
(अ) क वर्ग (ब) च वर्ग
(स) ट वर्ग (द) त वर्ग। उत्तर—(स)

18. निम्न में से कौन-सा महाप्राण व्यंजन का उदाहरण है?
(अ) क (ब) ग
(स) घ (द) ज। उत्तर—(स)

19. शिक्षा का माध्यम मातृभाषा रखने से—
(अ) छात्रों के व्यक्तित्व का विकास सीमित हो जाता है
(ब) छात्रों का बौद्धिक विकास मन्द हो जाता है
(स) छात्रों के मध्य विचार विनिमय कठिन हो जाता है
(द) छात्रों की सृजनात्मक शक्ति का विकास होता है। उत्तर—(द)

20. हिन्दी को राष्ट्रभाषा मानने का कारण है—
(अ) यह भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता की परिचायक है
(ब) देश की लगभग आधी आबादी हिन्दी को बोलती एवं समझती है
(स) हिन्दी की लिपि पूर्ण वैज्ञानिक है
(द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

21. राष्ट्र की प्रगति का अविरल प्रवाह कहा जाता है—
(अ) मातृभाषा को (ब) प्रादेशिक भाषा को
(स) राष्ट्रभाषा को (द) अन्तर्राष्ट्रीय भाषा को। उत्तर—(स)

22. समाजशास्त्रीय दृष्टि से भाषा—
(अ) सामाजिक मान्यताओं एवं सामाजिक व्यवहारों की एकमात्र साधन है
(ब) मानसिक क्रियाओं एवं मनोभावों की अभिव्यक्ति का साधन है
(स) ध्वनि प्रतीकों की व्यवस्था है (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

23. हिन्दी शिक्षण सिद्धान्तों एवं सूत्र के मध्य कौन-सा अन्तर सही है?
(अ) शिक्षण सिद्धान्तों का सम्बन्ध विषय-वस्तु से होता है जबकि शिक्षण सूत्रों का सम्बन्ध शिक्षण प्रक्रिया से है
(ब) शिक्षण सिद्धान्त परिस्थिति के अनुरूप परिवर्तित हो सकते हैं जबकि शिक्षण सूत्रों पर परिस्थिति का प्रभाव नहीं पड़ता है
(स) शिक्षण सूत्रों के उपयोग के समय शिक्षण सिद्धान्तों को ध्यान में रखना होता है
(द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

24. निम्नलिखित में से भाषा शिक्षण का कौन-सा सिद्धान्त नहीं है?
(अ) आवृत्ति का सिद्धान्त (ब) रुचि का सिद्धान्त
(स) मानसिक सक्रिया का सिद्धान्त (द) व्यक्तिगत समानता का सिद्धान्त। उत्तर—(द)

25. किस शिक्षण सूत्र द्वारा छात्रों की विचार शक्ति एवं निष्कर्ष निकालने की क्षमता का विकास होता है?
(अ) ज्ञात से अज्ञात की ओर (ब) मूर्त से अमूर्त की ओर
(स) विश्लेषण से संश्लेषण की ओर
(द) प्रत्यक्ष से अप्रत्यक्ष की ओर। उत्तर—(ब)

26. निम्न में से कौन-सा शिक्षण सूत्र नहीं है?
(अ) ज्ञात से अज्ञात की ओर (ब) विशिष्ट से सामान्य की ओर
(स) अनुभव से तर्क की ओर (द) अनुकरण से अभ्यास की ओर। उत्तर—(द)



27. निम्नलिखित में से कौन-सा सामान्य उद्देश्य के सम्बन्ध में सत्य है?
(अ) सामान्य उद्देश्य विषय से सम्बन्धित होते हैं
(ब) सामान्य उद्देश्य हिन्दी की सभी विधाओं के लिए एक समान रहते हैं
(स) सामान्य उद्देश्य बालकों के विशिष्ट व्यवहार से सम्बन्धित होते हैं
(द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(अ)

28. हिन्दी भाषा शिक्षण के उद्देश्यों के निर्धारण के लिए ध्यान रखना चाहिए—
(अ) उपयोगिता का (ब) सामयिकता का
(स) औचित्य का (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

29. ब्लूम के वर्गीकरण के अनुसार कौन-सा उद्देश्य ज्ञानात्मक पक्ष से सम्बन्धित नहीं है?
(अ) अनुमूल्यन (ब) संश्लेषण
(स) विश्लेषण (द) मूल्यांकन। उत्तर—(अ)

30. अनुवाद, व्याख्या उल्लेख पद का सम्बन्ध ज्ञानात्मक पक्ष के किस उद्देश्य से है?
(अ) ज्ञान (ब) बोध
(स) विश्लेषण (द) संश्लेषण। उत्तर—(ब)

31. हिन्दी भाषा में संरचनात्मक प्रणाली का मुख्य उद्देश्य है—
(अ) शब्दावली का विकास करना (ब) भाषा की संरचना एवं पैटर्न सीखना
(स) प्रवाहपूर्ण बोलना (द) भाषा का अनुवाद करना। उत्तर—(ब)

32. निम्न में से किस विधि में छात्रों को व्याकरण के नियमों की खोज के लिए प्रोत्साहित किया जाता है?
(अ) निगमन विधि (ब) आगमन विधि
(स) प्रत्यक्ष विधि (द) संरचनात्मक विधि। उत्तर—(अ)

33. हिन्दी शिक्षण में प्रत्यक्ष विधि बल देती है—
(अ) लक्षित भाषा में पाठ का अनुवाद करना
(ब) शब्दावली को रटना
(स) लक्षित भाषा का शिक्षण वास्तविक परिस्थिति में वार्तालाप के द्वारा करना।
(द) हिन्दी का लिखित अभ्यास कराना। उत्तर—(स)

34. ढाँचागत प्रणाली में संरचनाओं के चयन का सिद्धान्त है—
(अ) उपयोगिता (ब) सरलता
(स) उत्पादकता (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

35. व्याकरण-अनुवाद विधि मुख्यतः केंद्रित है—
(अ) बोलने एवं सुनने का कौशल (ब) लेखन एवं पठन कौशल
(स) उच्चारण कौशल (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

36. उद्देश्यपरक प्रणाली के किस उद्देश्य के अन्तर्गत विद्यार्थी भाषा साहित्य के प्रति अनुराग एवं सराहना करना सीखते हैं?
(अ) ग्रहणात्मक उद्देश्य (ब) सृजनात्मक उद्देश्य
(स) अभिव्यक्तिपरक उद्देश्य (द) सराहनात्मक उद्देश्य। उत्तर—(स)

37. भाषा शिक्षण की कौन-सी प्रणाली भाषा के प्रयोजन पक्ष पर बल देती है?
(अ) सम्प्रेषणात्मक प्रणाली (ब) ढाँचागत प्रणाली
(स) प्राकृतिक प्रणाली (द) इनमें से कोई नहीं। उत्तर—(अ)

38. निम्नलिखित में से कौन-सा निगमन विधि का गुण है?
(अ) यह मनोवैज्ञानिक विधि है
(ब) ज्ञात से अज्ञात शिक्षण सूत्र का प्रयोग होता है
(स) उत्तर देने में छात्रों को पर्याप्त अवसर मिलता है
(द) अध्यापक एवं छात्रों के समय की बचत होती है। उत्तर—(अ)

39. "पाठ्य-पुस्तक अध्ययन की किसी शाखा की प्रमाणित पुस्तक होती है।" किसने कहा?
(अ) एण्ड्रेस लैंग (ब) बेकन
(स) डगलस (द) एल.जे. लुईस। उत्तर—(अ)

40. पाठ्य-पुस्तक की विषय सामग्री होनी चाहिए—
(अ) वास्तविक जीवन से सम्बन्धित (ब) विविधतापूर्ण
(स) छात्रों की मानसिक योग्यता के अनुरूप (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

41. निम्नलिखित में से कौन-सा पाठ्य-पुस्तकों का महत्व है?
(अ) शिक्षण युक्तियों के निर्धारण में सहायक
(ब) शिक्षकों के लिए पथ प्रदर्शक
(स) अभिभावकों के लिए उपयोगी
(द) उपर्युक्त सभी।
उत्तर—(द)

42. निम्नलिखित में से कौन-सा पाठ्य-पुस्तक का आन्तरिक गुण नहीं है?
(अ) विषय-वस्तु का रुचिपूर्ण होना
(ब) पाठ्य-पुस्तक का नाम आकर्षित होना
(स) आधुनिक सूचनाओं से अद्यतन होना
(द) छात्रों की योग्यताओं के अनुसार विषय-वस्तु का होना।
उत्तर—(ब)

43. पाठ्य-पुस्तक में चार्ट आरेखै, चित्र शामिल करने का उद्देश्य है—
(अ) पुस्तक में स्थान भरने के लिए
(ब) पाठ की समझ बढ़ाने के लिए
(स) पाठक का ध्यान मुख्य विषय-वस्तु से हटाने के लिए
(द) पुस्तक को अधिक आकर्षित बनाने के लिए।
उत्तर—(ब)

44. पाठ्य-पुस्तक में अभ्यास कार्य को शामिल किया जाता है—
(अ) सीखने की प्रक्रिया को जटिल बनाने के लिए
(ब) छात्रों की समझ को सुदृढ़ करने के लिए
(स) पुस्तक की लम्बाई बढ़ाने के लिए
(द) उपर्युक्त सभी।
उत्तर—(ब)

45. पाठ्य-पुस्तक में अनुक्रमणिका का मुख्य उद्देश्य है—
(अ) विशिष्ट जानकारी को शीघ्रता से ढूँढने में सहायता करना
(ब) प्रत्येक अध्याय का सारांश प्रदान करना
(स) पुस्तक में प्रयुक्त सभी सन्दर्भों को सूचीबद्ध करना
(द) आगे के अध्ययन के लिए प्रश्न प्रस्तुत करना।
उत्तर—(अ)

46. हरबर्ट की पाठ योजना के किस चरण में छात्र नवीन ज्ञान का पूर्व ज्ञान से सम्बन्ध स्थापित करता है?
(अ) तैयारी
(ब) तुलना एवं सम्बन्ध
(स) प्रस्तुतीकरण
(द) सामान्यीकरण।
उत्तर—(अ)

47. पाठ्य-पुस्तकों के उपयोग के सम्बन्ध में निम्न में कौन-सा सत्य है?
(अ) कक्षा में उपस्थिति कम हो जाती है
(ब) शिक्षक मार्गदर्शन की आवश्यकता समाप्त हो जाती है
(स) सूचना का विश्वसनीय स्रोत प्रदान करती है
(द) परीक्षा की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।
उत्तर—(स)

48. हरबर्ट की पाठ योजना के पदों का सही क्रम है—
(अ) प्रस्तुतीकरण, तैयारी, तुलना तथा सम्बन्ध, अनुप्रयोग, सामान्यीकरण
(ब) तैयारी, प्रस्तुतीकरण, तुलना तथा सम्बन्ध, सामान्यीकरण, अनुप्रयोग
(स) तैयारी, प्रस्तुतीकरण, अनुप्रयोग, तुलना तथा सम्बन्ध, सामान्यीकरण
(द) तैयारी, प्रस्तुतीकरण, सामान्यीकरण, तुलना तथा सम्बन्ध, अनुप्रयोग।
उत्तर—(ब)

49. पाठ योजना के किस उपागम को मूल्यांकन उपागम भी कहते हैं?
(अ) ब्लूम पाठ योजना उपागम
(ब) हरबर्ट पाठ योजना उपागम
(स) मॉरीसन पाठ योजना उपागम
(द) आर.सी.ई.एम. पाठ योजना उपागम।
उत्तर—(ब)

50. कौन-सी पाठ योजना प्रणाली उपागम पर आधारित है?
(अ) ब्लूम पाठ योजना उपागम
(ब) ग्लोवर पाठ योजना उपागम
(स) आर.सी.ई.एम. पाठ योजना उपागम
(द) हरबर्ट पाठ योजना उपागम।
उत्तर—(द)

51. पाठ योजना का प्राथमिक उद्देश्य है—
(अ) छात्रों के प्रदर्शन का आंकलन करना
(ब) पाठ्यक्रम की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना
(स) स्कूल के प्रदर्शन को मापना
(द) शिक्षकों के लिए पथ प्रदर्शक।
उत्तर—(ब)



52. निम्नलिखित में से कौन-सा पाठ योजना के निर्माण का सिद्धान्त नहीं है?
(अ) उद्देश्यों की स्पष्टता एवं निश्चितता का सिद्धान्त
(ब) प्रारम्भिक व्यवहार से अवगत होने का सिद्धान्त
(स) कठोरता का सिद्धान्त
(द) उचित मूल्यांकन का सिद्धान्त।
उत्तर—(स)

53. निम्नलिखित में से इकाई योजना के सम्बन्ध में कौन-सा सत्य है?
(अ) दैनिक कक्षा के लिए पाठ योजना
(ब) निश्चित अवधि के लिए विशिष्ट विषय के पाठों की विस्तृत योजना
(स) पूरे स्कूल वर्ष के लिए दीर्घकालीन पाठ योजना
(द) शिक्षकों के लिए आपातकालीन योजना।
उत्तर—(ब)

54. इकाई योजना में शामिल किया जाता है—
(अ) सीखने के उद्देश्य
(ब) मूल्यांकन रणनीतियाँ
(स) सीखने के संसाधन
(द) उपर्युक्त सभी।
उत्तर—(द)

55. निम्न में कौन-सा श्रव्य-दृश्य सामग्री का उदाहरण है?
(अ) टेलीविजन
(ब) हैण्ड आउटस
(स) माइक्रोफोन
(द) व्हाइटबोर्ड।
उत्तर—(अ)

56. श्रव्य-दृश्य सामग्री का महत्व है —
(अ) छात्रों का मनोरंजन करना
(ब) मौखिक संचार की आवश्यकता को कम करना
(स) जटिल जानकारी को सरल बनाना
(द) उपर्युक्त सभी।
उत्तर—(द)

57. शिक्षण सहायक सामग्री के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य नहीं है?
(अ) शिक्षण उद्देश्यों से स्पष्ट रूप से सम्बन्धित होनी चाहिए
(ब) प्रदर्शन की उचित व्यवस्था होनी चाहिए
(स) सम्पूर्ण कालांश में कक्षा में प्रदर्शित होनी चाहिए
(द) विविधता होनी चाहिए।
उत्तर—(स)

58. भाषा प्रयोगशाला का मुख्य उद्देश्य है—
(अ) सुनने एवं बोलने के कौशल बढ़ाना
(ब) व्याकरण के नियम सीखना
(स) लिखित अभ्यास पर ध्यान केन्द्रित करना
(द) उपर्युक्त सभी।
उत्तर—(द)

59. गद्य पाठों के प्रस्तुतीकरण का सही क्रम है—
(अ) आदर्श वाचन, अनुकरण वाचन, उच्चारण संशोधन, शब्द व्याख्या, वस्तु विश्लेषण, मौन वाचन
(ब) आदर्श वाचन, उच्चारण संशोधन, अनुकरण वाचन, शब्द व्याख्या, मौन वाचन, वस्तु विश्लेषण
(स) आदर्श वाचन, अनुकरण वाचन, शब्द व्याख्या, उच्चारण संशोधन, मौन वाचन, वस्तु विश्लेषण
(द) आदर्श वाचन, उच्चारण संशोधन, अनुकरण वाचन, वस्तु विश्लेषण, शब्द व्याख्या, मौन वाचन।
उत्तर—(अ)

60. गद्य शिक्षण में कठिन शब्दों का निवारण किया जाता है—
(अ) दृश्य सामग्री द्वारा
(ब) रेखाचित्र दिखाकर
(स) अंग संचालन द्वारा
(द) उपर्युक्त सभी।
उत्तर—(द)

61. मौन वाचन किया जाता है—
(अ) नाटक शिक्षण में
(ब) कविता शिक्षण में
(स) कहानी शिक्षण में
(द) उपर्युक्त सभी।
उत्तर—(स)

62. गद्य शिक्षण में वस्तु विश्लेषण किया जाता है—
(अ) प्रश्नों द्वारा
(ब) कथन द्वारा
(स) उपर्युक्त वातावरण सृजित करके
(द) उपर्युक्त सभी।
उत्तर—(द)

63. उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर कविता शिक्षण की कौन-सी विधि उपयुक्त नहीं है?
(अ) व्याख्या विधि
(ब) शब्दार्थ कथन विधि
(स) खण्डान्वय विधि
(द) तुलना विधि।
उत्तर—(अ)

64. पद्य शिक्षण के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(अ) अशुद्ध उच्चारण वाले छात्र से कविता पाठ यथासम्भव नहीं कराना चाहिए
(ब) पद्य शिक्षण में एक बार आदर्श वाचन पर्याप्त होता है

(स) पद्य शिक्षण में छात्रों के केवल बौद्धिक विकास पर बल दिया जाता है
(द) पद्य शिक्षण में कठिन शब्दों की व्याख्या की जाती है। उत्तर—(द)

**65. कहानी शिक्षण के अंग है—**
(अ) शिक्षक द्वारा कहानी कहना (ब) विद्यार्थियों द्वारा कहानी कहलवाना
(स) विद्यार्थियों द्वारा कहानी लिखवाना (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

**66. निम्नलिखित में से कहानी चयन के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(अ) कहानियों में पर्याप्त संवाद होने चाहिए
(ब) कहानियों में पात्र अधिक होने चाहिए
(स) कहानी में गतिशीलता होनी चाहिए
(द) कहानी बालकों के चरित्र निर्माण में सहायक होनी चाहिए। उत्तर—(ब)

**67. निम्न में कौन-सी विधि नाटक शिक्षण की नहीं है?**
(अ) व्याख्या विधि (ब) कक्षा अभिनय विधि
(स) व्यास विधि (द) रंगमंच विधि। उत्तर—(अ)

**68. कौन-सी शिक्षण विधि व्याकरण के सैद्धान्तिक पक्ष की अपेक्षा व्यावहारिक पक्ष पर बल देती है?**
(अ) आगमन विधि (ब) पाठ्य-पुस्तक विधि
(स) सूत्र विधि (द) भाषा संसर्ग विधि। उत्तर—(द)

**69. प्रस्तावना प्रश्न के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?**
(अ) प्रस्तावना प्रश्न पाठ के नवीन ज्ञान पर आधारित होने चाहिए
(ब) प्रस्तावना प्रश्न परस्पर सुसंगत होने चाहिए
(स) प्रस्तावना प्रश्न विचारात्मक होने चाहिए
(द) प्रस्तावना प्रश्न प्रकरणोन्मुख होने चाहिए। उत्तर—(अ)

**70. संचालन, हाव, भाव, अन्त:क्रिया शैली परिवर्तन किस शिक्षण कौशल के घटक है?**
(अ) उद्दीपन परिवर्तन (ब) व्याख्या कौशल
(स) व्याख्यान कौशल (द) प्रश्न कौशल। उत्तर—(अ)

**71. अनुकरण वाचन का उद्देश्य है—**
(अ) मनन क्षमता का विकास करना
(ब) पाठ से सम्बन्धित कठिनाइयों को खोजना
(स) शुद्ध एवं सही वाचन का अभ्यास कराना
(द) विषय-वस्तु को गहराई से समझने हेतु प्रेरित करना। उत्तर—(द)

**72. किस निबन्ध शैली में देखी गयी वस्तु, स्थान अथवा अवसर का वर्णन किया जाता है?**
(अ) वर्णनात्मक (ब) विचारात्मक
(स) भावात्मक (द) कथात्मक। उत्तर—(अ)

**73. रचनात्मक मूल्यांकन का प्रमुख उद्देश्य है—**
(अ) विद्यार्थी की प्रारम्भिक जानकारी का आकलन करना
(ब) विद्यार्थी का सत्र के अन्त में मूल्यांकन करना
(स) शिक्षा की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना
(द) विद्यार्थी की निरन्तर प्रगति का आकलन करना। उत्तर--(द)

**74. किस प्रकार के मूल्यांकन में छात्रों के प्रदर्शन की तुलना समूह के अन्य छात्रों से की जाती है?**
(अ) मानदण्ड सन्दर्भित मूल्यांकन (ब) मानक सन्दर्भित मूल्यांकन
(स) निर्माणात्मक मूल्यांकन (द) योगात्मक मूल्यांकन। उत्तर—(द)

**75. मापन एवं मूल्यांकन के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?**
(अ) मापन का क्षेत्र व्यापक होता है, मूल्यांकन का क्षेत्र सीमित
(ब) मापन अंकात्मक होता है, मूल्यांकन गुणात्मक होता है
(स) मापन से सार्थक भविष्यवाणी सम्भव नहीं है, मूल्यांकन से सार्थक भविष्यवाणी सम्भव है
(द) मापन साधन है, मूल्यांकन स्वंय में साध्य। उत्तर—(अ)

**76. हिन्दी शिक्षण में निरन्तर एवं व्यापक मूल्यांकन (CCE) का उद्देश्य है—**
(अ) केवल शिक्षण सामग्री का मूल्यांकन करना
(ब) केवल विद्यार्थी की उपलब्धि का मूल्यांकन करना
(स) विद्यार्थी के समग्र विकास का मूल्यांकन करना
(द) केवल परीक्षा परिणामों का मूल्यांकन करना। उत्तर—(स)



**77. निम्नलिखित में से कौन-सा योगात्मक मूल्यांकन का उदाहरण है?**
(अ) साप्ताहिक परीक्षा (ब) समूह परियोजना
(स) वार्षिक परीक्षा (द) मासिक परीक्षा। उत्तर—(स)

**78. हिन्दी शिक्षण में स्वमूल्यांकन का लाभ है—**
(अ) छात्रों को अधिक अंक प्रदान करने में मदद करना
(ब) छात्रों को स्वंय की कमजोरियों एवं क्षमताओं को समझने में मदद करना
(स) शिक्षकों का कार्यभार कम करना
(द) पाठ्यक्रम को छोटा करना। उत्तर—(ब)

**79. अच्छे परीक्षण की विशेषता है—**
(अ) संकीर्णता (ब) व्यक्तिनिष्ठता
(स) वैधता (द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(स)

**80. परीक्षण की विश्वसनीयता से आशय है—**
(अ) प्रश्नों का निर्माण जिस उद्देश्य के लिए किया गया है वह उस उद्देश्य की पूर्ति करता है
(ब) प्रश्नों का प्रत्येक परिस्थिति में किया गया मापन सदैव समान रहता है
(स) प्रश्नों में परीक्षक की व्यक्तिगत मान्यताओं का कोई स्थान नहीं होता है
(द) प्रश्नों में सम्पूर्ण विषय-वस्तु का समावेश होता है। उत्तर—(ब)

**81. निम्नलिखित में से किस प्रकार के प्रश्न छात्रों को आलोचनात्मक ढंग से सोचने एवं विश्लेषण करने के लिये प्रोत्साहित करते हैं?**
(अ) वर्णनात्मक प्रश्न (ब) तथ्यात्मक प्रश्न
(स) विश्लेषणात्मक प्रश्न (द) बोधात्मक प्रश्न। उत्तर—(स)

**82. निम्नलिखित में से कौन-सी अच्छे प्रश्न की विशेषता नहीं है?**
(अ) प्रश्न शिक्षण उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायक होने चाहिए
(ब) प्रश्न छात्रों की मानसिक योग्यता के अनुरूप होने चाहिए
(स) प्रश्न पाठ की प्रत्येक विषय-वस्तु से सम्बन्धित होने चाहिए
(द) प्रश्नों की भाषा अलंकारिक होनी चाहिए। उत्तर—(द)

**83. निम्न में से कौन-सा दोषपूर्ण प्रश्न का प्रकार है?**
(अ) सामान्य प्रत्यास्मरण प्रश्न (ब) विज्ञानात्मक प्रश्न
(स) बोध प्रश्न (द) पुष्टिकारक प्रश्न। उत्तर—(अ)

**84. निम्न में से किस प्रकार के प्रश्न स्मृति प्रधान होते हैं?**
(अ) वाक्य पूर्ति प्रश्न (ब) बहुविकल्पीय प्रश्न
(स) सत्य/असत्य प्रश्न (द) पद मिलान प्रश्न। उत्तर—(स)

**85. निम्न में से कौन-सा निबन्धात्मक परीक्षण का गुण है?**
(अ) व्यक्तिनिष्ठता (ब) रटने पर बल देना
(स) विशिष्ट मानसिक योग्यता की जाँच सम्भव
(द) विश्वसनीयता का अभाव। उत्तर—(स)

**86. NEP-2020 के कार्यान्वयन के भाग के रूप में लागू परख (PARAKH) का प्राथमिक उद्देश्य है—**
(अ) व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देना
(ब) छात्रों के मूल्यांकन को मानकीकृत करना
(स) डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना
(द) शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुधार करना। उत्तर—(ब)

**87. NEP-2020 में 360 मूल्यांकन का प्राथमिक उद्देश्य है—**
(अ) शिक्षकों का समग्र मूल्यांकन करना
(ब) विद्यालयों का समग्र मूल्यांकन करना
(स) छात्रों का समग्र एवं व्यापक मूल्यांकन करना
(द) छात्रों का वर्ष के अन्त में मूल्यांकन करना। उत्तर—(स)

**88. हिन्दी शिक्षण में गृह कार्य के उद्देश्य हैं—**
(अ) विद्यार्थियों द्वारा अर्जित ज्ञान का अभ्यास करना
(ब) अवकाश के समय का सदुपयोग करना
(स) विद्यार्थियों की लिखित अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना
(द) उपर्युक्त सभी। उत्तर—(द)

89. संविधान सभा ने हिन्दी को राजभाषा के रूप में कब अंगीकार किया?
(अ) 14 सितम्बर, 1948 (ब) 14 सितम्बर, 1949
(स) 26 नवम्बर, 1949 (द) 26 जनवरी, 1950. उत्तर—(ब)

90. निम्न में से कौन-सी भाषा संविधान की 8वीं अनुसूची में नहीं है?
(अ) सिन्धी (ब) हिन्दी
(स) नेपाली (द) अंग्रेजी। उत्तर—(द)

91. निम्न में से कौन-सी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा नहीं दिया गया है?
(अ) तमिल (ब) तेलुगु
(स) हिन्दी (द) उड़िया। उत्तर—(स)

92. संविधान के किस भाग में राजभाषा का उल्लेख है?
(अ) भाग 18 (ब) भाग 22
(स) भाग 16 (द) भाग 17. उत्तर—(द)

93. सम्पर्क भाषा होती है—
(अ) किसी कार्य विशेष से सम्बन्धित भाषा
(ब) राष्ट्र के अधिकांश व्यक्तियों द्वारा बोले जाने वाली भाषा
(स) विभिन्न भाषा बोलने वाले व्यक्तियों के मध्य संचार की भाषा
(द) राष्ट्र के कामकाज की अधिकारिक भाषा। उत्तर—(स)

94. त्रिभाषा सूत्र का मुख्य उद्देश्य है—
(अ) क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना
(ब) बहुभाषी एवं बहुसांस्कृतिक समाज का निर्माण करना
(स) अनेक भाषाओं के सीखने के बोझ को कम करना
(द) अंग्रेजी में दक्षता सुनिश्चित करना। उत्तर—(ब)

95. NCF-2005 के अनुसार, हिन्दी शिक्षण के लिए कौन-सी विधि अनुशांसित है?
(अ) गतिविधि आधारित शिक्षण विधि (ब) व्याकरण अनुवाद विधि
(स) प्रत्यक्ष विधि (द) सूत्र विधि। उत्तर—(अ)

96. NCF-2005 में हिन्दी भाषा शिक्षण में किस बात पर बल दिया गया है?
(अ) मौखिक और लिखित संचार कौशल विकसित करना
(ब) हिन्दी व्याकरण की गहन शिक्षा देना
(स) हिन्दी भाषा के ऐतिहासिक पहलुओं को सीखना
(द) साहित्यिक हिन्दी सीखने पर बल देना। उत्तर—(अ)

97. हिन्दी भाषा में भारत का पहला समाचार पत्र कौन-सा है?
(अ) उदन्त मार्तण्ड (ब) बंगदूत
(स) बनारस अखबार (द) समाचार सुधा वर्षण। उत्तर—(अ)

98. हिन्दी भाषा के विकास के लिये संविधान के कौन-से अनुच्छेद में दिशा-निर्देश दिये गये हैं?
(अ) अनुच्छेद 343 (ब) अनुच्छेद 344
(स) अनुच्छेद 350 (द) अनुच्छेद 351. उत्तर—(द)

99. राजभाषा आयोग का गठन कब हुआ?
(अ) 1950 (ब) 1953
(स) 1955 (द) 1956. उत्तर—(स)

100. सन् 2023 में 12वाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया?
(अ) फिजी (ब) मॉरिशस
(स) दक्षिणी अफ्रीका (द) सूरीनाम। उत्तर—(अ)